हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 15 फरवरी 2026



# महाकाल की शोभायात्रा में थिरके भक्त, लगे जयकारे..पारंपरिक नृत्य और अघोरियों का दल रहा आकर्षण का केन्द्र, आज मंदिरों में होगा जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाशिवरात्रि पर्व के एक दिन पूर्व शहर में महाकाल की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बाजे-गाजे, लोक कलाकारों की प्रस्तुति के साथ ही अघोरियों का दल आकर्षण का केन्द्र रहा। महाकाल मित्र मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। बाजे-गाजे में भक्त थिरकते रहे। वहीं जयकारों की गूंज रही।

महाकाल मित्र मंडल द्वारा आज भव्य महाकाल की शोभायात्रा निकाली गई। पूर्व में शहर के गुरूद्वारा चौक के पास दोपहर को महाकाल की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात शोभायात्रा का शहर के प्रमुख मार्गों में भ्रमण हुआ। इस दौरान महाकाल के जयकारों की गूंज रही।

शोभायात्रा में प्रमुख रूप से आकर्षण का केन्द्र महाकाल महादेव की भव्य झांकी रही। इसके अलावा नंदी बैल में विराजित महाकाल की भव्य प्रतिमा भी रही। बाजे-गाजे, धुमाल व डीजे के साथ-साथ दुलदुल घोडा, गुदुम बाजा, आदिवासी नृत्य, पंथी नृत्य एवं लोक कलाकारों की शानदान प्रस्तुति ने लोगों का मनमोह लिया। पूरे शोभायात्रा के दौरान अघोरियों का दल और उनकी प्रस्तुति ने लोगों को आकर्षित किया। शहर के प्रमुख मार्गों से निकली इस शोभायात्रा के दौरान भक्त शिव भक्ति में थिरकते रहे। भगवान महाकाल के जयकारों की गूंज रही।

**शहर के प्रमुख मार्ग से निकली शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत**





**मंदिरों में उमड़ेगी भक्तों की भीड़:** इधर महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शहर के शिवालयों सहित विभिन्न समाज द्वारा भी विधि-विधान से पूजा-अर्चना सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारी है। सुबह से देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति मंदिरों में पूजा-अर्चना हेतु बनी रहेगी। अंचल में पर्व पर भक्ति का माहौल बना हुआ है। भक्तों के बीच पूजा सामग्रियों की मांग भी बनी हुई है।

### पंडालों के जरिये सेवा

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते जयस्तंभ चौक पहुंची, जहां पूजा-अर्चना एवं महाप्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। शोभायात्रा का स्वागत करने एवं शोभायात्रा में शामिल भक्तों के लिए मार्गों में सेवा पंडाल विभिन्न समाजसेवियों द्वारा लगाया गया था, जहां शीतल पेय, फल, जलपान इत्यादी की व्यवस्था की गई थी। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति का वातावरण निर्मित रहा।

### आज निकलेगी पगड़ी यात्रा

इधर कल महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में महाकाल की पगड़ी यात्रा का आयोजन किया गया है। जिसमें भक्त भगवा परिधान में हाथों में ध्वज पताका लिए हर-हर महादेव और जयश्री महाकाल के जयघोष के साथ शामिल होंगे। पगड़ी यात्रा शहर के नदंई चौक से प्रारंभ होगी। इस शोभायात्रा में स्थानीय कलाकारों द्वारा अघोरी नृत्य, पंथी नृत्य, शिव तांडव की भावपूर्ण प्रस्तुति व भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति की जाएगी। नगर भ्रमण के दौरान काली माई मंदिर में शिव शक्ति मिलन, सत्यनारायण मंदिर में हरिहर मिलन भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा। पगड़ी शोभायात्रा को लेकर शहर के लोगों में उत्साह का माहौल निर्मित है।

## खबर संक्षेप

### महाशिवरात्रि पर भजन संध्या आज

**राजनांदगांव।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। आज शाम 7:30 बजे शिव मंदिर रेवाडीह में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक सुनील बंसोड़ अपनी वाणी से भजनों की प्रस्तुति देंगे। आयोजकों के अनुसार महाशिवरात्रि के इस विशेष पर्व पर शिव भक्तों के लिए आध्यात्मिक वातावरण तैयार किया गया है। कार्यक्रम में भगवान शिव की आराधना, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण की व्यवस्था रहेगी। पूर्व महापौर शिव भक्त नरेश डाकलिया द्वारा सभी श्रद्धालुओं को सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया गया है।

## माय एंगल




### एसआईआर : 21 फरवरी को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची

# दावा-आपत्ति के बाद सूची से हटेंगे 460 वोटर्स, 13 हजार नए भी जुड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मतदाताओं के वेरिफिकेशन के लिए पिछले चार महीने से जारी एसआईआर प्रक्रिया के तहत अब केवल अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन शेष रह गया है। शनिवार के साथ ही प्रारंभिक मतदाता सूची से हटाए गए नामों का वेरिफिकेशन भी पूरा कर लिया गया है। प्रारंभिक मतदाता सूची में नाम आने के बाद दावा-आपत्ति प्रक्रिया के तहत कुल 460 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाएंगे। वहीं इस दौरान फार्म-6 भरने वाले लगभग 8.5 हजार मतदाताओं के नाम भी जोड़े जाएंगे। जिसके चलते जिले में अब मतदाताओं की संख्या 7.89 लाख के करीब पहुंच जाएगी।

निर्वाचन आयोग के अनुसार एसआईआर प्रक्रिया में करीब 2.62 लाख ऐसे मतदाता रहे, जिन्हें नो-मैपिंग की श्रेणी में रखा गया था। यानी बूथ लेवल ऑफिसर इन मतदाताओं तक नहीं पहुंच पाए। इसकी वजह कई मामलों में पता न मिलना, घर बंद होना या लंबे समय से उस पते पर निवास न होना बताई गई है। ऐसे सभी नो-मैपिंग मतदाताओं को नोटिस जारी कर दिए गए थे, नोटिस मिलने के बाद संबंधित मतदाता को तय समय-सीमा के भीतर एसडीएम के सामने उपस्थित होकर 13 मान्य दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया था। दस्तावेजों की जांच के बाद ईआरओ यह तय करेंगे कि नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा या नहीं। ईआरओ के फैसले से असंतुष्ट होने पर मतदाता को जिला कलेक्टर के पास अपील का अधिकार भी दिया गया है। यह प्रक्रिया 14 फरवरी के साथ ही अब समाप्त हो गई है। जिले में लगभग सभी मतदाताओं जिन्हें नो-मैपिंग में रखा गया था, उन्होंने अपने दस्तावेज जमा करवा दिए हैं।

### मतदाताओं की संख्या बढ़कर पहुंच जाएगी 7.89 लाख



#### 2003 की सूची को बनाया आधार

उल्लेखनीय है कि एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान 2003 की मतदाता सूची को आधार बनाया गया है। सत्यापन के दौरान यह देखा गया कि संबंधित मतदाता का नाम 2003 की सूची में दर्ज था या नहीं, जिन लोगों के नाम उस सूची में नहीं हैं, उनसे रिश्तेदारों के नाम और संदर्भ मांगे जा रहे हैं, जिन मामलों में रिश्तेदारों के नाम भी उपलब्ध नहीं है, उन्हें सी श्रेणी में रखकर अलग से नोटिस जारी किए गए थे। ऐसे मतदाताओं से 13 तरह के दस्तावेजों में से कोई एक मांगा गया। जिसके आधार पर उनके नाम को शामिल या हटाने की कार्रवाई की गई।

#### जिले में 780205 मतदाता

स्थानीय निर्वाचन शाखा से मिली जानकारी के अनुसार प्रारंभिक मतदाता सूची के अनुसार जिले की चार विधानसभा में कुल 780205 मतदाता थे। इनमें 262267 मतदाताओं को नो-मैपिंग या तार्किक विसंगति की श्रेणी में रखा गया। इनमें से अंतिम समय तक 262196 मतदाता सुनवाई के लिए उपस्थित हुए। इनमें 70 मतदाता ऐसे रहे, जो सुनवाई के लिए नहीं आए, जिन्होंने पहले ही नाम स्थानांतरण के लिए फार्म-7 भरा था। सुनवाई के बाद 390 मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाया जा रहा है। वहीं 780204 मतदाताओं के नाम अंतिम सूची में आएंगे। इसमें नए मतदाताओं के नाम भी जोड़े जाएंगे। जिसके बाद जिले की चार विस में मतदाताओं के आंकड़े 7.89 लाख के करीब पहुंच जाएगी।

#### 21 को आएगी अंतिम सूची

ज्ञात हो कि चार नवंबर से 18 दिसंबर तक एसआईआर प्रक्रिया के तहत मतदाताओं से गणना प्रपत्र जमा कराने की प्रक्रिया की गई। जिसके बाद 23 दिसंबर को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। सूची के प्रकाशन के साथ ही दावा-आपत्ति की अवधि शुरू की गई। सत्यापन का कार्य भी इस दौरान किया गया, जो 14 फरवरी को समाप्त हुआ। अब इन सभी प्रक्रियाओं के बाद 21 फरवरी 2026 को एसआईआर के तहत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

## पीएलसी सिस्टम से लैस होगा धर्मनगरी का रोप-वे, 16 से 27 फरवरी तक बंद रहेगा संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



धर्मनगरी डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी माता मंदिर में संचालित रोप-वे में आधुनिक तकनीक लागू किया जा रहा है। प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार रोपवे में अब पीएलसी सिस्टम से संचालन होगा। जिससे रोपवे के बेहतर संचालन में मदद मिलेगी। इस काम के लिए 16 फरवरी से आगामी 27 फरवरी तक रोपवे का संचालन बंद रखा जाएगा।

मंदिर समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि आने वाले नवरात्र पर्व को देखते हुए यह कार्य अभी कराया जा रहा है। इस आधुनिक तकनीक के बाद रोपवे के संचालन को बेहतर कर लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि देश के कई बड़े शहरों में इस तकनीक का सहारा रोपवे संचालन के लिए लिया जा रहा है। आधुनिक और सुरक्षित रोपवे प्रणालियों में पीएलसी सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है। यह रोपवे के संचालन को स्वचालित सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए मुख्य नियंत्रण प्रणाली है। उल्लेखनीय है कि मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने के लिए डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं में हजारों लोग रोजाना रोपवे का उपयोग करते हैं।

### 14 ट्रॉली, चार हजार की क्षमता

मंदिर समिति से मिली जानकारी के अनुसार कुल 14 ट्रॉली का संचालन किया जाता है, जो दिनभर ऊपर-नीचे का सफर तय करती है। आम दिनों में रोपवे के सहारे करीबन हजार से डेढ़ हजार श्रद्धालु सफर तय करते हैं। जबकि त्योहारों के दौरान यह संख्या बढ़कर चार हजार के करीब पहुंच जाती है। बताया गया कि ट्रॉली की क्षमता ही चार हजार के करीब है।




## कड़ी सुरक्षा में पहुंचे बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




परीक्षा वर्ष 2026 के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर से 14 फरवरी को गोपनीय सामग्री राजनांदगांव पहुंचाया गया। उक्त सामग्री 16 फरवरी को समस्त केंद्राध्यक्षों को वितरित किया जाएगा। वितरण सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। गोपनीय सामग्री वितरण के लिए बस की व्यवस्था कर ली गई है। प्रत्येक बस के लिए बस प्रभारी की ड्यूटी लगाई जा चुकी है। सामग्री वितरण के पश्चात वहां जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार बघेल द्वारा पुलिस अभिरक्षा में प्रत्येक स्थान के लिए थाना हेतु बस रवाना किया जाएगा। संबंधित पुलिस थाना में प्रश्न पत्र पुलिस के अभिरक्षा में रखा जाएगा। प्रत्येक परीक्षा दिवस को केंद्र अध्यक्षों द्वारा संबंधित पुलिस थाना से परीक्षा केंद्र ले जाकर परीक्षा प्रारंभ की जाएगी।

## मोपेड में शराब ले जाते कोचिया पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मोपेड में अवैध रूप से शराब ले जाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर आरोपी को पकड़ा। जिससे 32 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 13 फरवरी को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोपेड टीव्हीएस एक्सल सुपर में मात्रा से अधिक शराब रखकर ग्राम कुमर्दा से चारभाठा की ओर जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में टीम गठित कर ग्राम कुमर्दा बड़ा तालाब के पास घेराबंदी कर एक आरोपी को पकडा गया। आरोपी के कब्जे से कुल 32 पौवा देशी शराब शोले कुल 5.760 वल्क लीटर कीमती 2560 रुपए, एक मोपेड टीव्हीएस एक्सल सुपर जब्त की गई। आरोपी का नाम पूछने पर स्वयं का नाम सुंदरलाल वाल्दे 58 वर्ष निवासी ग्राम चारभाठा का बताया। शराब को मौके पर पंचनामा तैयार कर विधिवत जब्त किया गया।

### अफसरों के साथ ही जवानों की रही तैनाती, गार्डन-सार्वजनिक स्थानों पर निगरानी

# वेलेंटाईन-डे: धार्मिक स्थलों और पिकनिक स्पॉट पर रही पुलिस की नजर, डेड़ सौ जवानों ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वेलेंटाइन-डे को लेकर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जिसमें शहर के प्रमुख पार्क, गार्डन, मंदिर, पिकनिक स्पॉट, पर्यटन स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं एएसपी कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में सीएसपी एवं अनुविभागीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था की सतत निगरानी कर रहे हैं। राजनांदगांव, डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव क्षेत्र के समस्त थाना प्रभारी अपनी-अपनी टीम के साथ मुस्तैदी से ड्यूटी पर तैनात रहे। इस विशेष व्यवस्था में लगभग 150 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

शहर के प्रमुख स्थानों पर विशेष प्वाइंट निर्धारित किए गए, जहां निरंतर पेट्रोलिंग एवं निगरानी की जाती रही। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। महिला सुरक्षा को दृष्टिगत रखते महिला पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई है।



**सोशल मीडिया की निगरानी:** पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी सतत निगरानी रखी जा रही है। जिससे किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना, अफवाह या उकसाने वाली पोस्ट पर तत्काल संज्ञान लिया जा सके। होटल, लॉज एवं सार्वजनिक स्थलों पर भी नियमित जांच की जा रही है।

### सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मानिटरिंग

सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से प्रमुख चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों की मॉनिटरिंग की गई। कंट्रोल रूम को 24×7 सक्रिय रखा गया तथा डायल-112 आपातकालीन सेवाओं को अलर्ट मोड पर रखा गया, ताकि किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### संदिग्ध गतिविधियों की सूचना थाना में दें

यदि कोई व्यक्ति शहर की शांति भंग करने, हुड़दंग करने, छेड़छाड़ करने अथवा कानून को अपने हाथ में लेने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध राजनांदगांव पुलिस द्वारा सख्त एवं कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला पुलिस आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अपील की है कि वे संयम एवं मर्यादा बनाए रखें, आपसी सौहार्द्र को प्रोत्साहित करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम थाना या कंट्रोल रूम को दें।



## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर 22 को

**पटेवा।** ग्राम में आगामी 22 फरवरी को युवा क्षेत्रीय गण के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रक्तदान करने वाले को युवा संगठन द्वारा हेलमेट प्रदान किया जाएगा। युवा संगठन ने अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर रक्त दान करने की अपील की है।

### बच्चों के पालकों का सम्मान



**जेवरतला रोड।** मातृ पितृ पूजन दिवस के अवसर पर प्राथमिक शाला औंरी में पालकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विमला साहू, खोमिन साहू, वंदना निर्मलकर, सुखऊ निषाद, मुकेश यादव, सोमनाथ देवांगन, प्रधान पाठक फतन देवांगन, आशीष साहू, प्रवीण चंद्राकर शामिल हुए।

### विद्या मंदिर में सामूहिक दवा सेवन

**डोंगरगांव।** नीरज विद्या मंदिर मोहड़ में फाईलेरिया एवं कृमिनाशक



एलबेंडाजॉल दवा का सेवन विद्यार्थियों ने किया। इस अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर मोहड़ की प्रज्ञा ठाकुर, सीमा वर्मा, अरविंद सांखरे, रीत रेखा देवांगन और कामता गायकवाड ने दवा वितरण कर विद्यार्थियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्य अंजुम जहान एवं जी राम सिन्हा उपस्थित थे। यह जानकारी शिक्षक घनश्याम तिवारी ने दी।

### नक्सल पीड़ितों ने ज्ञापन सौंपकर मांगा न्याय

**डोंगरगढ़।** नक्सल पीड़ित परिवारों को नौकरी, आर्थिक सहायता एवं आवासीय भूमि देने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। पीड़ितों ने बताया कि नक्सल हिंसा में अपने परिजन खोने के बाद वह वर्षों से कठिन जीवन व्यतीत कर रहे हैं। शासन द्वारा बनाई गई पुनर्वास नीति का उन्हे अब तक लाभ नहीं मिला है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अपर कलेक्टर ने कहा कि पुलिस अधीक्षक से प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवारों ने बताया कि पुनर्वास नीति 2025 में प्रभावित परिवारों को आवासीय जमीन, आर्थिक सहायता एवं रोजगार देने का प्रावधान है, किन्तु वह प्रशासनिक प्रक्रियाओं में उलझकर रह गए हैं। नक्सल पीड़ितों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर उन्हें पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने की मांग की है।

### शुक्ला को अर्पित किया श्रद्धासुमन

**डोंगरगढ़।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पूर्व मुख्यमंत्री श्यामाचरण शुक्ला की पुण्यतिथि विधायक निवास में विधायक हर्षिता बघेल की उपस्थिति में मनाया गया। इस दौरान संध्या देशपांडे, जितेंद्रसिंह भाटिया, हरीश भंडारी, विजय राज, रिम्मी भाटिया, बबलू शांडिल, रामजी तराने, रूपचंद खोबरागड़े, दशरथ ठाकुर, संजय यादव, धन्नालाल गणवीर, निशा निर्मलकर, विष्णु लोधी, संजीव गुप्ता, मतीन भाई, बबलू खोबरागड़े, पप्पू इंदुरकर, नरेश करसे, दशरथ सोनी, दुलीचंद बडोले, गणपत रजक, दिनेश साखरे, प्रशांत कांडे, सुरेंद्र अंबादे, एडविन हैदर आदि उपस्थित थे।

### बैंक के सहयोग से सुविधा का विकास

**बेलगांव।** एचडीएफसी बैंक के परिवर्तन पहल अंतर्गत संचालित



हॉलिस्टिक रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम को समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से 15 गांवों में क्रियान्वित किया जा रहा है। परियोजना अंतर्गत सिंचाई सुविधा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अछोली, देवकट्टा, रिवागहन, शिवपुरी एवं बेलगांव में 5 एचपी सोलर इरिगेशन पंप स्थापित किए गए हैं। इस पहल से किसानों को वर्षभर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त 15 किसानों को ड्रिप इरिगेशन सिस्टम लगाने में सहयोग दिया गया है। परियोजना के क्रियान्वयन में प्रोजेक्ट मैनेजर भैयासिंह झारे, सोशल मोबिलाइजेशन ऑफिसर नंदलाल साहू, एग्रीकल्चर एक्सपर्ट सोमनाथ चावले, एमआईएस एक्सपर्ट प्रिया आनंद आदि का सहयोग रहा।

### अज्ञात ने किया जानलेवा हमला

**डोंगरगढ़।** मुसरा खुर्द निवासी संतोष कुंजाम पर गत दिनों कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर सरपंच ने एम्बुलेंस की व्यवस्था कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एडमिट कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे जिला अस्पताल राजनांदगांव रिफर किया गया। अज्ञात लोगों ने नशे में धुत होकर ईंटों से सिर पर ताबड़तोड़ वार किया है।पीड़ित के मस्तक एवं कई हिस्सों में गंभीर चोटे आई हैं।

## पर्व को लेकर उत्साह का माहौल, गांव-गांव में व्यापक तैयारियां

# महाशिवरात्रि पर्व आज : सजे शिवालय, होगा जलाभिषेक, बाबा की बारात में थिरकेंगे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर समूचा गंडई क्षेत्र शिवमय हो गया है। क्षेत्र में भक्ति और आस्था की त्रिवेणी बह रही है। एक ओर शिव महापुराण कथा का आयोजन हो रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक मड़ई-मेला की धूम है। इसके बीच क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर देउर मंदिर का सूनापन चर्चा का विषय बना हुआ है।

महाशिवरात्रि के मौके पर बड़े बालाजी मंदिर के पास श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। 11 फरवरी से प्रारंभ हुए पांच दिवसीय आयोजन में कथावाचक पं. सूरज पांडेय के मुखारविंद से भक्त शिव महिमा का रसपान कर रहे हैं। कल 15 फरवरी को कथा के अंतिम दिन भगवान शिव के विभिन्न अवतारों और द्वादश ज्योतिर्लिंगों के महत्व पर चर्चा के साथ हवन-पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन होगा।



### उपेक्षित है देउर मंदिर

शिवरात्रि को लेकर चारों ओर उत्सव का माहौल है, वहीं गंडई की ऐतिहासिक पहचान देउर मंदिर में किसी बड़े आयोजन का न होना बड़ी विडंबना है। 9वीं से 11वीं शताब्दी के बीच निर्मित यह मंदिर कला और वास्तुकला का बेजोड़ नमूना है। गंडई क्षेत्र को राजनीतिक दिग्गजों, साहित्यकारों और प्रबुद्ध वर्ग का गढ़ माना जाता है इसके बावजूद महाशिवरात्रि महोत्सव के आयोजन का प्रयास शून्य नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब आसपास के गांवों में छोटे बड़े आयोजन हो रहे हैं, तो इस ऐतिहासिक साइट पर प्रशासन और स्थानीय नेतृत्व की चुप्पी समझ से परे है।

### सांस्कृतिक विरासत का संगम

बिरखा में ग्राम धरोहर घटियारी समिति ने घटियारी महोत्सव और महाशिवरात्रि मेले का आयोजन किया है। यहां सुबह 7 बजे पूजा-अर्चना के बाद रात 9 बजे से लोकधारा रायपुर का सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। संरक्षक लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, डॉ पीसी लाल यादव और खम्हन ताम्रकार सहित पूरी समिति आयोजन को सफल बनाने में जुटी है।

## चोरड़ाधाम में मेला महोत्सव आज से

**सड़क अतरिया।** जिले के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों में से एक चोरड़ाधाम में कल रविवार से तीन दिवसीय महाशिवरात्रि मेला महोत्सव का आयोजन किया गया है। यहां का महाशिवरात्रि मेला काफी प्राचीन है, जिसमें क्षेत्र सहित समीपवर्ती राज्य के लोग शामिल होते हैं। शिवरात्रि के मौके पर सुबह से शिव भक्तों का जत्था आना शुरू हो जाता है जो शीतल जल कुंड में स्नान एवं डोंगेश्वर महादेव का दर्शन करता है। हजारों शिव भक्तों शिवलिंग पर जल अभिषेक कर दूध, फल, फूल, धतुरा, बेल पत्र आदि अर्पण कर पूजा अर्चना कर अपनी आस्था प्रकट करेंगे। मेला महोत्सव में विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा, टारकेश्वर साह खुशरों, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, गिरवर जंघेल, जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा, हेमलता मंडावी, कामदेव जंघेल, संगीता अंजु जंघेल, डोमार सिंह भेड़िया, आनंद पटेल, रोहित पुलस्त्य, गणेश राम वर्मा अन्य शामिल होंगे।



### डुबकी लगाने के बाद लोग करेंगे पूजा

प्राचीन चोरड़ाधाम में मैकाल पर्वत श्रेणियों के मध्य से गौमुख से होते हुऐ शिवलिंग में निरंतर गिरता जल लोगों की आस्था को बनाया हुआ है। कल हजारों श्रद्धालु शीतल जल में स्नान कर शिव की अराधना करेंगें। यहां दो गुफाएं है जिन्हे हमेशा बंद रखा जाता है।

### मेला का उठाएंगे लुफ्त

महाशिवरात्रि पर आयोजित तीन दिवसीय मेला काफी मनोरम होता है। वनांचल की सुन्दरता मेले की रौनक को और बढ़ा देता है। समिति ने पूजा सामग्री, जलपान, खिलौने, झूला, कपड़ा, आदि दुकानों को व्यवस्थित तरीके से लगाने निर्देशित किया है ताकि उमड़ने वाली भीड़ को व्यवस्थित किया जा सके। समिति ने तीन दिन तक शिवलिंग का रूद्राभिषेक, रामायण पाठ, सामूहिक आरती सहित अन्य धार्मिक आयोजन रखा है। कल रविवार को आरती बारले का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

## माथलडबरी के शिवधाम में महाशिवरात्रि उत्सव आज

**डोंगरगांव।** निकटवर्ती ग्राम माथलडबरी स्थित शिवधाम में कल 15 फरवरी को महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया है। आयोजन को लेकर ग्राम में उत्साह का माहौल है। महाशिवरात्रि के मौके पर कल 15 फरवरी को सुबह 8 बजे से रामेश्वरम शिवालय में विधि-विधान से पूजा एवं शिवलिंग स्थापना की जाएगी।

सुबह 9 बजे से शिव मंदिर प्रांगण में हवन-पूजन एवं महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से रामायण पाठ तथा दोपहर 2 बजे से मोहित यदु की प्रस्तुति स्वरांजलि मानस एवं जगराता परिवार ग्राम हैदलकोडो, 3 बजे से फाग एवं रासलीला का आयोजन रखा गया है। शाम 4 बजे से भजन संध्या रखा गया है जिसमें स्थानीय कलाकार भक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगे।

शाम 6 बजे जय माँ गढ़माता भुनेश्वर जस झांकी परिवार गुंगेरीनवागांव की प्रस्तुति होगी। रात्रि 9 बजे से अतिथि सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। रात्रि 10 बजे सोन चिरईया सांगिनकछार के कार्यक्रम का मंचन होगा।

कार्यक्रम में जिपं सभापति जागृति चुन्नी यदु, जनपद सदस्य हरिला देवेन्द्र साहू, सरपंच मधु ओमेश यदु, रिटायर डिप्टी कलेक्टर चंदनदास जांगड़े, दुमन साहू, सुरेश वैष्णव, प्रदीप पटेल, चिंतू पटेल, भुनेश्वर पटेल, दुष्यंत पटेल, दीपक पटेल, कामता साहू, राजकुमारी देवांगन, अनिता भोईर, कोमिन साहू, जंत्री सिन्हा, सुनीता पटेल, चंद्रभान यदु, गणेश मंडावी, सोनित साहू आदि शामिल होंगे।

### शहर में निकलेगी महाकाल की बारात

**डोंगरगाव।** महाशिवरात्रि के अवसर पर कल 15 फरवरी को शहर में बाबा महाकाल की बारात और शोभायात्रा धूमधाम से निकलेगी। शोभायात्रा बीटीआई ग्राउंड से निकलने के बाद नगर भ्रमण करते हुए स्वामी आत्मानन्द स्कूल ग्राउंड पहुंचेगी। यहां स्टेज शो एवं शिव पार्वती विवाह के पश्चात प्रसादी वितरण किया जाएगा।आयोजक श्री महाकाल मित्र मंडल के सदस्यों ने बताया कि बाबा की बारात में देव बस्तर से गढ़ माउली माता, दंतेश्वरी माता, 52 गढ़ का राजा खंडा मुढ़यिा बाबा पुत्र सोनकुंवर बाबा, पांचो जमींदारी की शीतला माता, बम्लेश्वरी,चंडी माता, पातालभैरवी माता शामिल होगी।बाबा की बारात में नैनीताल की अघोरी डांस पार्टी, बस्तर का माँढरी नृत्य, राहुत नाचा, पंथी नृत्य, उड़ीसा का संबलपुरिया बाजा आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

### मंदिर में होगी महाआरती

**डोंगरगढ़।** धर्मनगरी में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। महाकाल भक्त समिति के कुश मालेकर ने बताया कि तारण पिपलेश्वर महादेव मंदिर थाना चौंक में दो दिवसीय आयोजन रखा गया है। आयोजन के तहत कल 15 फरवरी को भगवान भोलेनाथ की महाआरती का आयोजन तारण पिपलेश्वर महादेव मंदिर में होगा। तत्पश्चात महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। भक्तों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील समिति ने की है।



### होगी पूजा अर्चना

**तुमडीबोड़।** ग्राम मचानपार में महाशिवरात्रि पर्व में प्राचीन नागबाहरा मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा। समस्त ग्रामवासी बागबाहरा मंदिर जाकर आशीर्वाद लेते है। यहां दूर दूर के लोग दर्शन करने आते हैं। शिवरात्रि के मौके पर खीर और पूड़ी का वितरण किया जाएगा।

# यूजीसी के समर्थन में बौद्ध महासभा ने सौंपा ज्ञापन, रिक्त पदों पर भर्ती की मांग

- लोगों ने कहा मिलेगा अधिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

आदर्श बौद्ध महासभा के बैनर तले एससी-एसटी ओबीसी के सदस्यों द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और चेयरमैन यूजीसी के नाम से एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर यूजीसी के नए नियमों के समर्थन करते हुए विश्वविद्यालयों में खाली पड़े एससी एसटी के पदों को भरने की मांग की है।

अमिताभ दुफारे ने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लोग भारतीय संविधान में निहित समानता, सामाजिक न्याय एवं शिक्षा के अधिकार की मूल भावना के अनुरूप, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अधिसूचित नए नियमों का समर्थन करते हैं।

उनका कहना है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15 एवं 21 (क) के अंतर्गत प्रदत अधिकारों की भावना को सुदृढ्द करते हुए नए नियम उच्च शिक्षा को अधिक समावेशी, पारदर्शी एवं गुणवतापूर्ण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

### विद्यार्थियों को होगा लाभ

उन्होंने नए नियमों से वंचित एवं पिछड़े वर्गों के विद्यार्थियों को समान अवसर प्राप्त होंगे तथा शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा। उक्त नियम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप हैं तथा भारत को संविधान प्रदत्त सामाजिक समानता एवं ज्ञान आधारित समाज की दिशा में आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर, ऐसोसिएट प्रोफेसर, अधिकारी कर्मचारियों के अनुसूचित जाति वर्ग के 64, अनुसूचित जनजाति के 83, अन्य पिछड़ा वर्ग 80 प्रतिशत पद रिक्त हैं। एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को नाट फाऊंड सुटेबल बताकर बाहर कर दिया जा रहा है जिसके कारण उच्च शिक्षा संस्थानों में असमानता पैदा हो रही है।

### इनकी रही मौजूदगी

ज्ञापन सौंपने के दौरान निर्भयदास चोखान्द्रे, शिव कंवर, अनिल लांड्गे, नंदु गजभिये, डॉ मनोज गजभिये, डॉ राकेश घृतलहरे,पद्मा मेश्राम, राधिका जंघेल, किरण मेश्राम, सुरेंद्र अंबादे, टीएस भालेकर, सविता मेश्राम, रीना सहारे, अनिता मेश्राम, धीरसिंह, शशिकांत मेश्राम, माया सिंगाड़े, नितीश मेश्राम, अरविंद मेश्राम, सीमा लाउत्रे आदि मौजूद थे।

# खाते में जमा नहीं की राशि, दिया फर्जी पासबुक

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत जटाकन्हार स्थित पोस्ट ऑफिस में बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। यहां के पोस्ट मास्टर आशीष मंडावी ने करीब 8 गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों की गाढ़ी कमाई का गबन कर लिया गया है। आरोपी पोस्ट मास्टर फिलहाल फरार है। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी आशीष मंडावी पिछले 10 वर्षों से बेलगांव, मुसरा, हरनसिंघी, नागतराई, डोंगरगढ़ और जामरी के ग्रामीणों को ठग रहा था। वह खाताधारकों को नकली पासबुक जारी करता था और उसमें जमा राशि की हाथ से एंट्री कर देता था, लेकिन इस राशि को विभाग के मुख्य रिकॉर्ड में दर्ज नहीं करता था। फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब ग्रामीण पैसे निकालने पोस्ट ऑफिस पहुंचे। वर्तमान पोस्ट मास्टर चंद्रशेखर पटेल ने जब रिकॉर्ड चेक किया, तो कई खातों में पैसा ही नहीं मिला जिससे ग्रामीणों के पैरों तले जमीन खिसक गई।

### जमा पूंजी की हेराफेरी

विभागीय सूत्रों के अनुसार इस गड़बड़ी की शिकायत मिलने के बाद जब विभाग ने आरोपी आशीष मंडावी के घर की तलाशी ली, तो वहां से 150 से अधिक फर्जी पासबुक बरामद की गईं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सभी शिकायतों की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और पासबुक में दर्ज राशि दिलाने की मांग की है।

## अधिकारियों ने दी उपायों की जानकारी

# वनों को बचाना ग्रामीणों की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

वन विभाग ने वनों को आग से बचाने एवं ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से वन परिक्षेत्र बागनदी अंतर्गत उप परिक्षेत्र छुरिया में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया कार्यक्रम में लघु वनोपज सहकारी समिति के प्रबंधक, वन क्षेत्रपाल, वनपाल, वनरक्षक, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, फायर वाचर एवं ग्रामीण शामिल हुए। परिक्षेत्र अधिकारी हरि सूरजबली सिन्हा ने कहा कि वनों को अग्नि से बचाना वनविभाग का प्रमुख कार्य है जिसके लिए दीर्घकालीन और अल्पकालीन उपायों की आवश्यकता है। वनों को आग से बचाने के लिए महुआ के मौसम में ग्रामीण ज़मीन साफ करने के लिए आग लगाते है, जो पूरे जंगल में फ़ैल जाती है और जैव विविधता को नुक़सान पहुंचाती है। सहायक परिक्षेत्र अधिकारी मुकेश दुबे ने महुआ फूल बीनने वाले ग्रामीण भाई बहनों के एक रजिस्टर में नाम लिखकर हस्ताक्षर कराने और वनों में आग से बचाने जानकारी देने की बात कही।



### ग्रामीणों को किया जागरूक

इस मौके पर प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल ढालेन्द्र वर्मा, रूबि खिलारी, वनपाल प्रेमलाल साहू, विक्रम ठाकुर, आदिल अहमद, सुश्री जया कौशल ने भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी जनकलाल चौधरी, रेवाराम सिन्हा, एवन पडोटी वनों को आग से बचाने सुझाव दिया। संचालन हिरेंद्र ठाकुर ने किया। इस दौरान रविकुमार परसाई, लोकेश सलामे, रोशन साहू, संदीप मरकाम, अमन नरेटी, भोजेश्वर, किशोर साहू, गौरीशंकर कश्यप, माधुरी कोर्राम, खिलेश्वर वर्मा, विनोद साहू, बीरबल साहू, राजेश कुमार, हारुन मानिकपुरी सहित अन्य उपस्थित थे।

# थैलीटोला में कलामंच और सीसी रोड का भूमिपूजन

**छुरिया।** ग्रामीणों की मांग पर मध्यक्षेत्र विकास प्राधिकरण से थैलीटोला में कलामंच निर्माण की स्वीकृति मिली है,जिसका भूमिपूजन किया गया। वही ग्राम पंचायत पठानढोढगी में सीसी रोड का भूमिपूजन हुआ। दोनों कार्यों की स्वीकृति के लिए ग्रामीणों ने जनपद अध्यक्ष, जपद सदस्य का आभार जताया है। भूमिपूजन के दौरान जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, जनपद सदस्य ओमप्रकाश चंद्रवंशी, सरपंच बिसरूराम मौजूद थे। इस मौके पर श्री सिंहा ने कहा कि सड़क किसी भी गाँव या शहर की प्रगति की रीढ़ होती है। जहाँ अच्छी सड़कें होती हैं, वहाँ विकास स्वयं रास्ता बना लेता है। इस अवसर पर मंदराजी चंद्रवंशी, मनोज निषाद, बरम चंद्रवंशी, हुकुम लाल, निकेश कुमार, बल्दू राम सहित अन्य मौजूद थे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### व्याख्याताओं ने किया छात्रों से संपर्क



**अर्जुनी।** नवीन शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.अंजना ठाकुर के आदेशानुसार एनईपी 2020 पाठयक्रम चर्चा हेतु पोषक विद्यालय संपर्क अभियान अंतर्गत अतिथि व्याख्याता कंचन साहू, योगिता ठाकुर, ज्ञानेश्वर प्रसाद देवांगन, चंद्रकांत कुंभकार,खेलन साहू ने शहीद पूर्णानंद साहू उच्चतर विद्यालय ग्राम जंगलपुर के विद्यार्थियों से संपर्क किया। व्याख्याताओं द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न उद्देश्यों, पाठ्यक्रमों आदि की जानकारी दी। महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों, विभिन्न गतिविधियों, खेल, प्रतिस्पर्धा आदि के बारे में बताया। व्याख्याताओं ने विद्यार्थियों को सुझबुझ एवं उपयोगिया के आधार पर महाविद्यालय एवं पाठयक्रम चयन करने की सलाह दी।

### दुकानदारों ने किया मरम्मत



**सड़क अतरिया।** साल्हेवारा- नर्मदा मुख्य मार्ग पर स्थित पैलीमेटा की सड़क का बहुत बुरा हाल है। जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। गांव के मध्य ही महज दो सौ मीटर की दूरी पर अनगिनत गड्ढे है। कुछ गड्ढे इतने बड़े एवं गहरे हैं कि आए दिन दो पहिया वाहन सवार दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने इस समस्या से विभाग को कई दफा अवगत कराया पर समस्या हल करने में गंभीरता नहीं दिखाया गया जिसके बाद दुकानदारों ने सीमेंट गिट्टी डालकर गड्डो की मरम्मत किया। इस दौरान नेहरू जंघेल, संतराम सेन, अचनलाल प्रजापति, कामराज जंघेल, यशवंत साहू, खेमलाल, मोहनू साहू, आसाराम साहू, हरेश्वर जंघेल, देवा साहू, केमेश साहू, हेमंत जंघेल, दिनेश जंघेल मौजूद थे।

# आदिवासी समाज को आपस में बांटने का किया जाता है प्रयास : मंडावी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में शुक्रवार को अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी एक दिवसीय दौरे पर रहे। इस दौरान वे गोंड समाज के वार्षिक उत्सव एवं सम्मेलन में भाग लेने अंबागढ़ चौकी के मुरेटीटोला पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर गाड़ा-बाजा की थाप और बच्चों के पारंपरिक नृत्य के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वागत जुलूस के साथ उन्हें मंच तक लाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत देवी-देवताओं एवं रानी दुर्गावती की पूजा-अर्चना से की गई। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। जिसमें छोटे बच्चों ने नृत्य और गायन से सभी का मन मोह लिया।

समारोह में समाज के मेधावी विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं पुलिस भर्ती में चयनित समाज के युवाओं को भी मंच के माध्यम से सम्मानित किया गया। जिससे युवाओं में उत्साह का माहौल देखा गया।

अध्यक्ष श्री मंडावी ने आदिवासी समाज की गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत को याद करते कहा कि भारतवर्ष के विभिन्न क्षेत्रों में आदिवासी सम्राटों का शासन रहा है।

उन्होंने कहा कि राजपाट समाप्त होने और सामाजिक एकता में कमी आने के कारण आज आदिवासी समाज का राजनीतिक उपयोग किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे अवसरों पर आदिवासी समाज को केवल पारंपरिक वेशभूषा पहनाकर प्रदर्शन तक सीमित कर दिया जाता है। जबकि राजनीति में उनका उपयोग फायदे के लिए किया जा रहा है। उन्होंने समाज से एकजुट रहने की अपील करते कहा कि जब समाज संगठित रहेगा, तभी शासन-प्रशासन उसे गंभीरता से लेगा और उसका महत्व बढ़ेगा। राजनीति हमारा उपयोग न करें, बल्कि हम राजनीति का उपयोग करें, तभी हमें ताकत मिलेगी। सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने पर बल

उन्होंने कहा कि जनजातियों की पहचान उनके खानपान, पहनावे, बोली-भाषा और रीति-नीति से होती है, जिसे संरक्षित रखना आवश्यक है। "यदि हमने अपनी परंपराओं को नहीं बचाया, तो आदिवासी पहचान खतरे में पड़ जाएगी"। उन्होंने कहा कि बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक संस्कार और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने पर भी बल दिया। उन्होंने आदिवासी समाज की सामूहिक परंपराओं का उदाहरण देते कहा कि शादी जैसे बड़े कार्यक्रमों में पूरा समाज एकजुट होकर जिम्मेदारियां बांट लेता है। कोई निमंत्रण पत्र बांटता है, कोई चावल लाता है, कोई सब्जी और तेल की व्यवस्था करता है, भंडारी नियुक्त किए जाते हैं, लकड़ी, पानी, भोजन और बारात स्वागत की जिम्मेदारियां अलग-अलग लोगों को दी जाती हैं। इसी सामाजिक एकता के कारण बड़े से बड़ा कार्यक्रम सहजता से संपन्न हो जाता है।

**रक्षा के लिए है प्रतिबद्ध**

अध्यक्ष श्री मंडावी ने कहा कि उन्हें आदिवासी समाज के हक और अधिकारों के संरक्षण की जिम्मेदारी मिली है और वे इसकी रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को आपस में बांटने का प्रयास किया जाता है कोई भाजपा में, कोई कांग्रेस में, तो कोई अन्य राजनीतिक दलों में चला जाता है। एकता की कमी के कारण समाज की स्थिति कमजोर हुई है।

# सेवानिवृत्त दो कर्मियों की बिदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम के सभागृह में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में स्वास्थ्य विभाग में सफाई दरोगा के पद में कार्यरत रामशरण रगडे एवं सफाई कर्मी के पद में कार्यरत श्रीमती शांतिबाई को सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्वक बिदाई दी गई। कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदीकरण का चेक दिया गया।

बिदाई समारोह में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि गत माह की समाप्ति में हमारे निगम परिवार के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत 02 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। जिनके सम्मान में आज कार्यक्रम आयोजित किया गया है। दोनों कर्मचारी सफाई से जुड़े हैं, इस वजह से वार्ड निरीक्षण के दौरान इनसे सुबह मुलाकात हो जाती थी। इन्होंने समर्पण भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन किया। सफाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सीमित संसाधनों में लंबे समय तक समय देकर निष्ठापूर्वक कार्य किए। जिसके लिए हम आभारी है। साथ ही इनके परिवार के भी हम आभारी हैं, जिन्होंने सर्विस कार्य में इनका सपोट किया। अब ये अपने परिवारिक दायित्वों का अच्छे तरीके से निर्वहन करेंगे।

**दायित्वों का किया निर्वहन**

कार्यपालन अभियंता दीपक खांडे ने कहा कि अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सफाई विभाग में अपना अमूल्य समय देकर सेवानिवृत्त हुए, इन्होंने जिस तरीके से अपने कार्यों को किया, वह अनुकरणी है। स्वास्थ्य अधिकारी श्री मिश्रा ने कहा कि हमारे स्वास्थ्य विभाग में बहुत लंबे समय तक उन्होंने सेवा देकर अच्छे तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन किया, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। बिदाई समारोह का संचालन प्र.कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव ने किया। इस अवसर पर सहायक लेखाधिकारी राकेश नंदे सहित अधिकरी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## तिलईरवार स्कूल में विदाई सम्मान समारोह आयोजित



**राजनांदगांव।** शा.उ.मा. विद्यालय तिलईरवार में हर्षोल्लास के साथ विदाई सम्मान समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यद्दु व अध्यक्षता तिलईरवार सरपंच नंदिका कुंजाम, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर, एसएमडीसी के अध्यक्ष मोरध्वज चंद्रवंशी, तामेश्वर साहू, जनपद सदस्य कांतिबाई चंद्रवंशी, चंद्रकुमार साहू, रेशमलाल पटेल, निर्मला शांडिल्य, सीएसबी कुंजाम एवं अन्य लोग शामिल रहे। कक्षा 11वीं के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि श्रीमती यद्दु ने बच्चों को पढ़ाई के लिए कड़ी मेहनत, लगन, ईमानदारी एवं नैतिक शिक्षा के साथ करने प्रोत्साहित किया। साथ ही सभी बच्चों के विशेष मांग पर संस्था में एक मंच बनाने घोषणा भी किए। प्राचार्य ने बच्चों को अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होने की जानकारी दी। सरपंच नंदीका कुंजाम ने 12वीं के बच्चों को हमेशा विद्यालय से जुड़े रहने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर, असीम कुमार यद्दु, अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य, थंगेश्वर कुमार साहू, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश कुमार नेताम, पालकराम वर्मा, नोहरदास लिलहारे, जितेंद्र कुमार कश्यप, हरिश्चंद्र यादव, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर, दानेश्वर साहू , मेघनाथ यादव आदि की उपस्थिति एवं सहभागिता रही।

## रामपुर में सब स्टेशन मंजूर

**अर्जुनी।** लो वोल्टेज और विद्युत कटौती से परेशान रामपुर सहित आसपास गांव के ग्रामीणों को अब राहत मिलेगी। आए दिन लो वोल्टेज एवं विद्युत कटौती के फलस्वरुप खेती किसानी में फर्क पड़ने के बाद गांव वालों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री डीकेश साहू तथा जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को अवगत कराया था। डां सिंह के प्रयास से मुख्यमंत्री विद्युत अधो संरचना विकास योजना के तहत 3.15 एमवीए सब स्टेशन एवं 0.5 किलोमीटर 33 केवी लाइन, 5.5 किलोमीटर 11 केवी लाइन की स्वीकृति मिली है। इस आदेश के जारी होने की खबर से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। जिला भाजपा के महामंत्री डीकेश साहू एवं जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू ने बताया कि इस कार्य के होने के पश्चात बिजली संबंधित समस्या का निराकरण होगा।

# विद्यालय में श्रद्धा और संस्कारों का दिखा संगम



**सड़क अतरिया।** प्राथमिक शाला पंडरिया में शनिवार को भारतीय संस्कृति और देशभक्ति की भावनाओं से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन प्रधान पाठिका शिवांगी पशीने के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को माता-पिता के प्रति सम्मान और देश के लिए बलिदान देने वाले वीर शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की सीख दी गई। कार्यक्रम में महिला बाल विकास की सभापति ज्योति जघेल एवम पालकों की उपस्थिति में मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम किया गया। विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के चरणों में शीश नवाया और उनका आशीर्वाद लिया। इस भावुक क्षण ने सभी को यह अहसास कराया कि माता-पिता ही पृथ्वी पर साक्षात ईश्वर का रूप हैं। पालकों, शिक्षकों, एस एम सी अध्यक्ष, एवं बच्चों की उपस्थिति मे देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दो मिनट का मौन रखकर उनकी वीरता को याद किया गया। प्रधान पाठिका शिवांगी द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है और देश सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। बच्चों को बचपन से ही इन मूल्यों से जोड़ना शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में श्रीमती अनिता मानकर सहायक, एस एम सी अध्यक्ष उमेश वर्मा शिक्षकगण, अभिभावक और उत्साही विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में माता-पिता ने भी भावुक होकर अपने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। श्रीमती ज्योति जघेल के द्वारा बच्चों को चॉकलेट एवं शिवांगी पशीने के द्वारा उपस्थित पालकों को पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। इस प्रकार कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन करते हुए समापन किया गया।



## सार समाचार



राजनांदगांव। महाशिवरात्रि के अवसर पर बागेश्वर धाम मंदिर में तीन दिवसीय आयोजन किया गया है। जिसके तहत बाबा अमरनाथ धाम की सजीव झांकी, महाशिवरात्रि बागेश्वर धाम शिव संध्या महाआरती (गंगा आरती के तर्ज पर) तथा तीन दिवसीय शिव उत्सव मनाया जा रहा है।

### बौद्ध कल्याण समिति का चुनाव आज

**राजनांदगांव।** बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव का अध्यक्ष चुनाव आगामी 15 फरवरी को संपन्न होगा। बौद्ध समाज के प्रवक्ता विनोद श्रीरंगे ने बताया कल समाज का विधिवत चुनाव संपन्न कराया जाएगा। इस चुनाव में दो मतदान केन्द्र बनाया गया है। मतदान केन्द्र 01 में डॉ. आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन सिविल लाइन में बनाया गया है। इस मतदान केन्द्र में ममता नगर, तुलसीपुर, मोतीपुर, नवागांव, रामनगर (सोनार चाल), बसंतपुर, भरकापारा, संजय नगर, राहुल नगर, लखोली एवं रामनगर मठपारा के मतदाता इस बूथ में मतदान करेंगे। इसी प्रकार मतदान केन्द्र 02 में रमाबाई भवन शिक्षक नगर के पास स्टेशनपारा में बनाया गया है। इस मतदान केन्द्र में स्टेशनपारा, शंकरपुर, शिवनगर, शांतिनगर, गौरीनगर, रेलवे स्टेशन के मतदाता इस बूथ में मतदान करेंगे। विनोद श्रीरंगे ने बताया कि मतदान सुबह 8 से शाम 5 बजे तक संपन्न होगा। इस चुनाव में तीन प्रत्याशी अध्यक्ष के लिए वंदना मेश्राम, विजय रंगारी, दीपांकर खोब्रागढ़े नामांकन फार्म दाखिल किए हैं। इस चुनाव संचालन के लिए मुख्य चुनाव संचालक प्रवीण नोन्हारे को बनाया गया है, जो अपनी टीम के साथ संपूर्ण चुनाव का संचालन करेंगे।

### जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में 16 को शिविर

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत बेरोजगार युवाओं हेतु विभिन्न प्रकार के सूक्ष्म श्रेणी के खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने 16 फरवरी को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे से संयुक्त कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कमरा नंबर 01 कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में एक दिवसीय मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया है। योजना के तहत 35 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है।

### सुपेला भिलाई में सम्मानित हुआ छात्र युवा मंच

**राजनांदगांव।** छात्र युवा मंच प्रदेश संयोजक नागेश यदु के निर्देशानुसार छात्र युवा मंच के प्रदेश प्रमुख माधव साहू के नेतृत्व में प्रदेश महामंत्री राजू साहू, प्रदेश सोसल मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम यदु, जिला अध्यक्ष दुष्यंत सेन इस सम्मान समारोह में शामिल हुए। रेड ड्रॉप फ्रेंडस क्लब छत्तीसगढ़ द्वारा सुपेला भिलाई साहू मित्र सभा भक्त कर्मा माता सांस्कृतिक भवन में प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। जिसमें राजनांदगांव छात्र युवा मंच परिवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश में सबसे सर्वाधिक रक्तदान शिविर आयोजित कर हजारों लोगों की जीवन रक्षा करने छात्र युवा मंच परिवार को सम्मानित किया गया। रेड ड्रॉप फ्रेंडन्स क्लब छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष सूरज साहू ने बताया कि सम्मान समारोह का यह 13वां वर्ष है। इस समारोह में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से चुनिंदा रक्तवीर व रक्तदाता संगठन को आमंत्रित किया। इस दौरान रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया था।




### प्रांतीय सभा का आयोजन 18 फरवरी को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष पीआर यादव द्वारा रविवार 15 फरवरी को प्रस्तावित प्रांतीय सभा अब महाशिवरात्रि के कारण 18 फरवरी को दोपहर एक बजे आयोजित की जाएगी। सभा का स्थान कर्मचारी भवन गौरवपथ शंकर नगर चौक के पास जीई रोड रायपुर होगा। इस बाबत छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के दुर्ग संभाग के संभागीय अध्यक्ष, जिला सचिव और जिला संयोजक विभागीय उप समिति आनंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सभा में पहले से तय एजेण्डा के मुताबिक ही चर्चा होगी।

### अतिथि व्याख्यान आयोजित



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा 13 फरवरी को नैनो विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि व्याख्याता के रूप में डॉ. डॉ. रौनक ताम्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, डॉ. पीबी टांक, डॉ. एसके पटेल, एलपी उर्वशा मंचस्थ रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में उद्‌बोधन करते भौतिक शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पीबी टांक ने अतिथि व्याख्याता का परिचय देते उनकी उपलब्धियों का वर्णन किया। तत्पश्चात प्राचार्य ने नैनोटेक्नोलॉजी का महत्व आधुनिक विज्ञान में बताते सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ. रौनक ताम्रकार ने नैनो साइंस एवं टेक्नोलॉजी पर चर्चा करते आधुनिक युग में उसके महत्व, विशेषताएं एवं आवश्यकताओं के बारे में बताया। साथ ही नैनो साइंस की बुनियादी बातें, नैनोमटेरियल का सिंथेसिस, कैरेक्टराइजेशन टेक्नीक विषय पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से चर्चा की। अंत में डॉ. पीबी टांक ने प्रशस्ति पत्र देकर अतिथि व्याख्याता का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में बीएससी 8वीं सेमेस्टर एवं एमएससी प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### विवादित डॉक्टर को हटाया, कर्मियों ने जताया आभार

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ (जिला इकाई मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी) द्वारा कर्मचारियों के आत्मसम्मान और सुरक्षित कार्य वातावरण को लेकर उठाई गई मांग पर जिला प्रशासन ने कड़ा रूख अपनाया है।

संघ द्वारा प्रस्तुत की गई शिकायतों और कार्यस्थल पर गरिमा बनाए रखने की मांग पर त्वरित संज्ञान लेते प्रशासन द्वारा संबंधित विवादित चिकित्सक को पद से हटा दिया गया है। इस ठोस निर्णय का स्वागत करते स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र खंडेलवाल ने जिला और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है। विदित हो कि संघ द्वारा पूर्व में सौंपे गए मांग पत्र और साक्ष्यों के आधार पर प्रशासन ने निष्पक्ष जांच करते दोषी पक्ष पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की है। इस कार्रवाई से जिले के समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। जिलाध्यक्ष श्री खंडेलवाल ने कहा कि हम कलेक्टर और सीएमएचओ के आभारी हैं कि उन्होंने कर्मचारियों की पीड़ा को समझा और त्वरित न्याय सुनिश्चित किया।

---

### शहर सहित जिलेभर में आयोजन, पूजा के दौरान बुजुर्ग और बच्चे भावुक

# मातृ-पितृ पूजन आज की जरूरत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच ने जीई रोड स्थित समता वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के समक्ष मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया। मंच के प्रदेशाध्यक्ष जीवन कुमार साहू एवं संरक्षक संजय शर्मा व रितेश यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच द्वारा यह आयोजन प्रत्येक वर्ष करते आ रहे हैं और इस वर्ष भी अलग-अलग स्थानों में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। 14 फरवरी को समता वृद्धाश्रम में युवाओं द्वारा वृद्ध माता-पिता का पूजन कर आशीर्वाद पाया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव, वृद्धा आश्रम के संरक्षक गौतम पारख, सुभाष चोपड़ा ने पूजन कार्यक्रम को देखकर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की तथा ऐसे आयोजन हर जगह हो ऐसी भावना प्रकट की। कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि आज यहां जो सैकड़ों युवाओं द्वारा जो पूजन किया गया, सच में आज का यह कार्यक्रम प्रासंगिक है।

समता मंच के प्रमुख गौतम पारख ने कहा कि आज युवा व्यसन की ओर बढ़ते जा रहे है। ऐसे में मातृ-पितृ पूजन दिवस इन सब विकारों से बाहर लाकर संस्कारों का बीजारोपण कर उन्नति की ओर ले जाने में सहायक होगा। आयोजन में जीवन कुमार साहू, संजय शर्मा, रितेश यादव, एसके देवांगन, आदित्य पराते, भरत, अरुण मानिकपुरी, शत्रुघन साहू, गौरव मंत्री, संदीप रंगारी, घमेन्द्र साहू, अशोक, उदितनारायण, अभिषेक, आकाश, शेखर, ललित, सुमन साव, अजय, मलिक, एवन साहू, रोशनी ठाकुर, शिरीष मानके, रेखलाल, टूमन साहू, मेहुल, सुरेश ढीमर,

### स्कूल में माता-पिता पूजन का आयोजन



शहर के गौरीनगर स्थित आदर्श विद्या संस्थान में 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में बच्चों ने अपने-अपने माता-पिता को तिलक लगाकर कर उनकी आरती उतारी और उनका आशीर्वाद लिया। इस आयोजन के लिए स्कूल द्वारा सभी बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों को आमंत्रित किया गया था। बच्चों में स्कूली शिक्षा के साथ-साथ सेवा संस्कार की भावना जागृत करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। इस आयोजन में बच्चों द्वारा अपने माता-पिता की पूजा के दौरान बच्चे और माता-पिता भावुक हो गए। कार्यक्रम में बच्चों के प्रति माता-पिता का अलग ही स्नेह दिखाई दिया। बच्चे भी भावुकता से माता-पिता से लिपट गए। वहीं माता-पिता ने भी बच्चों को खूब आशीर्वाद दिया।

### मातृ-पितृ पूजन दिवस श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया गया



**साल्हेवारा।** सेजेस साल्हेवारा में मातृ-पितृ पूजन दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पालकों की विधिवत आरती उतारी गई तथा बच्चों ने अपने माता-पिता को पुष्पमाला पहनाकर उनका पूजन किया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने माता-पिता की परिक्रमा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरा वातावरण श्रद्धा, सम्मान और भावुकता से ओत-प्रोत रहा। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य विनीत दास, बहादुर सिंह खुशरो, गगन अग्रवाल (अध्यक्ष एसएमडीसी), निजाम सिंह मंडावली, हेमलता मंडावी (जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र क्रमांक 1), मन्नू मरकाम (जनपद सदस्य), मोहित रजक सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि माता-पिता का सम्मान भारतीय संस्कृति की पहचान है और ऐसे आयोजन बच्चों में संस्कार, कृतज्ञता एवं पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने इस पहल की सराहना की।

### जी-राम-जी योजना से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे : कोमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत जी-राम-जी के संबंध में राजनांदगांव ग्रामीण के ग्राम ईरा एवं कोपेडीह में ग्रामीणों से मिलकर कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम का निराकरण करते जी-राम-जी योजना के बारे में विस्तार से बताया।

श्री राजपूत ने ग्रामीणों से जल संरक्षण, पर्यावरण सरक्षण विषय पर जानकारी प्राप्त की एवं महिलाओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया। तत्पश्चात ग्रामीणों ने एक स्वर में मोदी को धन्यवाद दिया, तब जिलाध्यक्ष श्री राजपूत ने बताया कि विकसित भारत जी-राम-जी योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत-2047 की संकल्पना को पूरा करने की दिशा में एक अहम कदम होगा।

ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को समुचित रोजगार मिले, इसी संकल्पना को पूरा करने यह योजना लाई गई है।

इस दौरान खिलेश्वर साहू, किशोर साहू, रमन सिंह राजपूत, बुद्धेश्वर साहू, नेपाल साहू, चुनेश्वर साहू, महेश साहू, राजा माखीजा, हरिशंकर देशमुख

### सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा सिंगदई वार्ड नं. 50 में अधोसंरचना मद अंतर्गत 12 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। जिसका महापौर मधुसूदन यादव ने वार्डवासियों की उपस्थिति में एक संक्षिप्त एवं गरिमामय आयोजन में फीता काटकर पट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद मुकेश साहू सहित पूर्व पार्षद भरत साहू, राकेश रावटे व अरूण देवांगन उपस्थित थे। इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने वार्ड में आयोजित दो दिवसीय जस झाकी प्रतियोगिता का शुभारंभ भी किया। कार्यक्रम में महापौर श्री यादव ने कहा कि आप लोगों की मांग पर सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया। जिसका लोकार्पण किया जा रहा है। भवन निर्माण होने से वार्ड के लोगों को सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य आयोजनों के लिए एक सर्वसुविधायुक्त उचित स्थान मिल गया। साथ ही सुलभ शौचालय तथा आंगनबाड़ी भवन का भी मरम्मत कराया जाएगा। महापौर श्री यादव ने कहा कि आज सिंगदई में आयोजित दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिता के शुभारंभ करने का अवसर मिला।



### महापौर मधुसूदन ने फिल्म रमाई को सराहा

**राजनांदगांव।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की धर्मपत्नी रमाताई की जीवन-संघर्ष पर आधरित फिल्म रमाई को समाज के सभी वर्गों से भरपूर प्रशंसा मिल रही है। सामाजिक चेतना के संदेश के साथ निर्मित इस फिल्म में रमाताई की संघर्ष गाथा को चित्रित किया गया है।

फिल्म में यह दर्शाया गया कि बाबा साहब के हर संघर्ष की सफलता के पीछे रमा ताई की अग्रणी भूमिका रही। सामाजिक संदेश के रूप में यह सीख दिया गया है कि रमाताई के बगैर बाबा साहब संघर्ष नहीं कर पाते। पति के साथ रमाताई की पूरी जिंदगी साथ खड़ी रही। 2 घंटे 17 मिनट की फिल्म में रमाताई को एक साहसी महिला के साथ-साथ पति के हर फैसले पर साथ खड़ी होते चित्रित किया गया है। स्थानीय मंडी मॉल के सिल्वर स्क्रीन में फिल्म के प्रमोशन के लिए महापौर मधुसूदन यादव बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। महापौर यादव ने फिल्म के निर्माता डॉ. उदय धाबर्ड़े और उनकी धर्मपत्नी प्रेरणा धबार्डे की तारीफ करते कहा कि रमाताई की आज के दौर में भी प्रासंगिकता बरकरार है। उन्होंने कहा कि ऐसी फिल्मों का निर्माण होते रहना चाहिए, ताकि समाज को प्रेरणा मिल सके। फिल्म के प्रमोशन के लिए वंदना मेश्राम, दीपांकर खोब्रागढ़े, रविता लकड़ा एवं राजू बारमाटे समेत अन्य लोग उपस्थित थे।




#### फिल्म में इनकी भूमिका

फिल्म रमाई में शहर के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. दिवाकर रंगारी और उनकी पत्नी श्रीमती अर्चना रंगारी की भी भूमिका है। उक्त फिल्म के निर्माण के साथ डॉ. उदय धाबर्डे ने बाबा साहब आंबेडकर की भूमिका अदा की। वहीं उनकी पत्नी प्रेरणा धाबर्डे ने रमाताई का रोल कर सबका ध्यान खींचा। सुमधुर और दर्द भरे गीत-संगीत से कहानी को गहराई के साथ फिल्मांकन किया गया है। इस बीच रमाई फिल्म को न सिर्फ समाज द्वारा, बल्कि सभी वर्गों ने सराहा है।

### पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि गौरव स्थल पर हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

14 फरवरी वर्ष 2019 को पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले में सीआरपीएफ के जवानों की शहदत हुई थी। जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। इन जवानों के शहादत की बरसी पर उन्हें नमन करने भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा शहर के गौरवस्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि 7 वर्ष पहले लेथापुरा पुलवामा में 76 सीआरपीएफ बटालियन के कानवाई पर एक कार के माध्यम से आत्मघाती हमला किया गया। इस हमले में शहीद जवानों को नमन करने यह आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तानी संगठन ने ली थी। वहीं इस हमले में 19 लोगों को नामजद किया गया था। जिसमें से 7 को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था और 7 लोगों को हिरासत में लिया गया था और बाकी आतंकियों की तलाश की जा रही है। उन्होंने मांग करते कहा कि जल्द से जल्द सभी आतंकियों को पड़कर कड़ी सजा दी जाए।



#### शहादत को किया गया नमन

पुलवामा हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने आयोजित एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम के अवसर पर बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक और उनके परिजन सहित आमजन शामिल हुए। इस दौरान सभी ने मोमबत्ती जलाकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

#### वीर शहीद अमर रहे के नारे

शहीदों की शहादत को नमन करने आयोजित कार्यक्रम में भारतमाता की जयघोष के नारे लगाए गए। वहीं भारतमाता के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद जवानों को उपस्थित लोगों द्वारा मौन श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर बालरत्न सेवा समिति, गायत्री परिवार, राष्ट्रीय तैलिक साहू महासभा, बागेश्वर धाम सहित अन्य समाजसेवी संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

### भगवान राधाकृष्ण भक्तों संग 4 मार्च को खेलेंगे होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के तत्वावधान में नागरिकों की रंगोत्सव समिति द्वारा भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के साथ रंगोत्सव का पर्व राजनांदगांव में पिछले 34 वर्षों से मनाया जा रहा है। फागुन शुक्ल पूर्णिमा को होलिका दहन के पश्चात चैत्र कृष्ण प्रतिपदा को श्री सत्यनारायण मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठित अखंड ब्रह्मांड नायक भगवान श्री राधाकृष्ण अपने भक्तों के साथ होली खेलने भव्य रथ पर विराजमान होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरेंगे और फागुन महोत्सव का आनंद प्रदान करेंगे।

#### रंगोत्सव पर चंद्रग्रहण का साया

नगर की परंपरा अनुसार गंज के बालाजी मंदिर के समक्ष होलिका दहन के अगले दिन रंगोत्सव मनाया जाता है।

इस वर्ष 03 मार्च को चंद्रग्रहण होने के कारण धुलेंडी (रंगोत्सव) 4 मार्च को मनाने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में भगवान राधाकृष्ण की भव्य शोभायात्रा 4 मार्च को सुबह 09 बजे निकाली जाएगी। वृंदावन सहित देश के अनेक धार्मिक स्थलों पर भी धुलेंडी 4 मार्च को ही मनाई जा रही है। मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया ने बताया कि समिति वर्षों से हिंदू संस्कृति के पर्वों को सार्वजनिक रूप से मनाती आ रही है। 34 वर्ष पूर्व यह परंपरा समिति के वरिष्ठ सदस्य एवं नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी स्व. नथमल अग्रवाल की प्रेरणा से प्रारंभ हुई थी। इस वर्ष 35वां रंगोत्सव भव्य रूप में मनाने हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही है।

### कांग्रेस समर्थित वोटरों का नाम हटाने की साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कांग्रेस पार्टी की पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार देता है और यह अधिकार किसी सरकार, अधिकारी या राजनीतिक दल की कृपा नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक का मूल और अटूट लोकतांत्रिक अधिकार है। इस अधिकार पर किसी भी प्रकार का प्रहार लोकतंत्र की मूल भावना पर सीधा हमला है, जिसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

छन्नी साहू ने आरोप लगाया कि फॉर्म-7 के माध्यम से वैध मतदाताओं के नाम सुनियोजित तरीके से विलोपित करने के प्रयास लगातार सामने आ रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त शिकायतें इस बात की ओर संकेत करती है कि प्रक्रिया का दुरूपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से कांग्रेस समर्थित मतदाताओं को निशाना बनाकर योजनाबद्ध तरीके से नाम कटवाने का प्रयास किया जा रहा है। जैसे-जैसे प्रकरण सामने आ रहे हैं, उससे ऐसा प्रतीत होने लगा है मानो फॉर्म-7 निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वैधानिक दस्तावेज न होकर किसी पार्टी विशेष का औजार बन गया हो।


छन्नी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जिले में ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन प्रस्तुत किए गए प्रत्येक फॉर्म-7 की गंभीरता, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ सूक्ष्म जांच सुनिश्चित की जाए तथा बिना ठोस सत्यापन के किसी भी वैध मतदाता का नाम विलोपित न किया जाए। साथ ही जिन व्यक्तियों द्वारा जानबूझकर गलत या भ्रामक जानकारी देकर फॉर्म-7 प्रस्तुत किए गए हैं, उनके नाम सार्वजनिक किए जाएं, ताकि क्षेत्र की जनता के सामने उनका वास्तविक चेहरा उजागर हो सके और भविष्य में इस प्रकार की कृत्यों पर प्रभावी रोक लग सके।

### शिवाजी महाराज राष्ट्रीय गौरव यात्रा कल आएगी

# छग प्रवेश पर यात्रा का होगा स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शौर्य व त्याग की मूर्ति कुर्मी समाज के कुल पुरूष वीर राष्ट्रीय महापुरूष छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय गौरव यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 14 फरवरी को सिंघमेंड़ महाराष्ट्र से निकलेगी, जो 16 फरवरी को छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगी। यात्रा के छत्तीसगढ़ में प्रवेश के दौरान जिले के महाराष्ट्र सीमावर्ती पाटेकोहरा में समाज के लोगों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। यह यात्रा राजनांदगांव शहर से होकर दुर्ग भिलाई, रायपुर होते हुए 19 फरवरी को जगन्नाथपुरी पहुंचेगी। राष्ट्रीय गौरव यात्रा 16 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगी, जहां पाटेकोहरा चिचोला में जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष सुदेश देशमुख और प्रदेश युवा अध्यक्ष योगेश्वर देशमुख के मार्गदर्शन में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन होगा।



#### आयोजन को लेकर बैठक

जिला कुर्मी समाज के सचिव भूपेंद्र चंद्राकर ने बताया कि 19 फरवरी को वीर शिवाजी महाराज का जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ शिवाजी पार्क राजनांदगांव में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला कुर्मी समाज की बैठक हुई। जिसमें कुर्मी समाज के सदस्यगण चंद्रिका प्रसाद देशमुख, एसके बंछोर, सुदेश देशमुख, अजय कड़व, योगेश्वर देशमुख, दीपक देशमुख, भूषण बेलचंदन, भूपेंद्र चंद्राकार, हुबलाल सुकतेल, बीरबल देशमुख, रामनारायण चंद्रवंशी, दिलीप कुमार चंद्राकर, धर्मेंद्र भोर, पवन चंद्राकर, हेमंत देशमुख सहित अन्य शामिल हुए।

#### शिवाजी पार्क में होगा स्वागत का आयोजन

राष्ट्रीय गौरव यात्रा दोपहर 2 बजे शहर के शिवाजी पार्क पहुंचेगी, जहां छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति पर पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके बाद यह यात्रा दुर्ग के लिए प्रस्थान करेगी। प्रदेश कुनबी समाज के अध्यक्ष अजय कवड़, मराठा मलई समाज के अध्यक्ष गणेश पवार, महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष रूपेश फाये ने समाज के लोगों से आव्हान करते कहा कि अधिक से अधिक संख्या में शिवाजी पार्क में उपस्थित होकर गौरव यात्रा का अभिनंदन स्वागत करें।



## खबर संक्षेप



### हाई स्कूल राम्हेपुर कला में मातृ-पितृ दिवस मनाया गया

**हरिभूमि बरबसपुर।** बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में शनिवार को मातृ-पितृ दिवस मनाया गया। जिसमें आरके साहू द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि माता-पिता पृथ्वी के साक्षात भगवान है। माता-पिता ने अनेक कष्ट सहकर हमें बड़े किए है, माता पृथ्वी से बढ़कर एवं पिता का स्थान आसमान से ऊंचा होता हैं। अतः हमें अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। उन्होने बताया कि कैसे भगवान श्री गणेश ने प्रथम पूज्य देवता बने एवं कैसे श्रवण कुमार ने मां-बाप की सेवा की, पौराणिक कथा बताकर माता-पिता के प्रति आदर भाव सम्मान एवं संस्कार बच्चो में डाला गया। मातृ-पितृ देवो भवः एवं मंत्र उच्चारण से भारतीय संस्कृति से जुड़े प्रेरणास्पद बाते बताई गई। स्कूल आते समय रोज माता-पिता एवं बड़े बुजुर्गो को प्रणाम करना एवं आज घर में पूजन करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या श्रीमती संतोष सलूजा, एमआर कोमरे, नीलम वर्मा, सरिता बखला, सुनीता कौशिक सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अधिकारियों ने दी उपायों की जानकारी

# वनों को बचाना ग्रामीणों की जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया

वन विभाग ने वनों को आग से बचाने एवं ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से वन परिक्षेत्र बागनदी अंतर्गत उप परिक्षेत्र छुरिया में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया कार्यक्रम में लघु वनोपज सहकारी समिति के प्रबंधक, वन क्षेत्रपाल, वनपाल, वनरक्षक, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, फायर वाचर एवं ग्रामीण शामिल हुए। परिक्षेत्र अधिकारी हरि सूरजबली सिन्हा ने कहा कि वनों को अग्नि से बचाना वनविभाग का प्रमुख कार्य है जिसके लिए दीर्घकालीन और अल्पकालीन उपायों की आवश्यकता है। वनों को आग से बचाने के लिए महुआ के मौसम में ग्रामीण ज़मीन साफ करने के लिए आग लगाते है, जो पूरे जंगल में फ़ैल जाती है और जैव विविधता को नुक़सान पहुंचाती है। सहायक परिक्षेत्र अधिकारी मुकेश दुबे ने महुआ फूल बीनने वाले ग्रामीण भाई बहनों के एक रजिस्टर में नाम लिखकर हस्ताक्षर कराने और वनों में आग से बचाने जानकारी देने की बात कही।

### ग्रामीणों को किया जागरूक

इस मौके पर प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल ढालेन्द्र वर्मा, रूबि खिलारी, वनपाल प्रेमलाल साहू, विक्रम ठाकुर, आदिल अहमद, सुश्री जया कौशल ने भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी जनकलाल चौधरी, रेवाराम सिन्हा, एवन पडोटी वनों को आग से बचाने सुझाव दिया। संचालन हिरेंद्र ठाकुर ने किया। इस दौरान रविकुमार परसाई, लोकेश सलामे, रोशन साहू, संदीप मरकाम, अमन नरेटी, भोजेश्वर, किशोर साहू, गौरीशंकर कश्यप, माधुरी कोर्राम, खिलेश्वर वर्मा, विनोद साहू, बीरबल साहू, राजेश कुमार, हारुन मानिकपुरी सहित अन्य उपस्थित थे।

# जिले में बेलगाम अपराध, कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराईः नवीन

## कवर्धा जिला बना अपराध का गढ़ः कार्रवाई शून्य

- कबीरधाम जिला अपराध का गढ़ बनता जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के गृह जिले कवर्धा में अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। कवर्धा में लगातार हत्या, लाश मिलने और धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ जैसी घटनाएं अब आम बात हो चुकी हैं। उन्होने बताया कि चिंताजनक बात यह है कि अब यही हाल पंडरिया का भी हो गया है। कुछ महीने पहले पंडरिया में पुलिस थाना के सामने एक व्यक्ति की निर्मम हत्या हुई। इसके बाद हाल ही में हरिनाला के पास एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली। वहीं कवर्धा के लालपुर नर्सरी के पास भी कुछ हफ्ता पहले शव बरामद हुआ, लेकिन आज तक इस मामले में आरोपी गिरफ्तार नहीं हो पाए हैं। इतना ही नहीं, हाल ही में ग्राम अंधियारखोर-पाण्डातराई में ठाकुर जी की मूर्ति के साथ अज्ञात लोगों द्वारा तोड़फोड़ की गई, जिससे ग्रामवासियों व क्षेत्र की धार्मिक भावना को गहरी ठेस पहुंची है।

जिलाध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि यह साफ दर्शाता है कि जिले में अपराधियों के हौसले किस कदर बुलंद हैं। साथ ही ऐसे सुनने में आता है कि पंडरिया में अपराध नियंत्रण के लिए स्थानीय विधायक द्वारा सीधे पंडरिया टीआई की नियुक्ति भी करवाई गई थी, लेकिन यह व्यवस्था पूरी तरह खोखली साबित हुई। अपराध कम होने की बजाय लगातार बढ़ते जा रहे हैं। श्री जायसवाल ने कहा कि सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब प्रदेश के गृहमंत्री स्वयं इसी जिले और इसी विधानसभा से आते हैं, तब भी हालात इतने बदतर क्यों हैं यह बेहद शर्मनाक है कि जिस जिले से गृहमंत्री आते हों, वही जिला हत्या, लूट व धार्मिक अपमान का केंद्र बन चुका हो। इससे बड़ा प्रमाण और क्या होगा कि कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब गृहमंत्री अपने ही गृह जिला और गृह विधानसभा को अपराध से नहीं बचा पा रहे हैं, तो फिर पूरे प्रदेश की सुरक्षा की उनसे क्या उम्मीद की जा सकती है यह सीधे तौर पर विजय शर्मा की विफलता और अक्षमता को दर्शाता है। यह स्पष्ट है कि भाजपा की सरकार में विजय शर्मा के गृहमंत्री बनने के बाद कवर्धा पंडरिया क्षेत्र अपराध का गढ़ बनता जा रहा है। हत्या, लूट, धार्मिक स्थलों पर हमले यह सब तथाकथित सुशासन की पोल खोलने के लिए काफी है। जिलाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि विगत भाजपा के 2 वर्षो के शासन में बड़ी घटनाओं की लंबी श्रृंखला सामने आई है, जो भाजपा की नाकामियों को उजागर करती है। लोहरीडीह कांड, साधराम यादव हत्याकांड, प्रशांत साहू हत्याकांड, नागाडबरा हत्याकांड, एसपी कार्यालय के सामने मां-बेटी की निर्मम हत्या जैसी घटनाएं इसका जीता-जागता उदाहरण हैं। इसके अलावा अनेक हत्याएं हुईं, जिनमें कई मामलों में आज तक अपराधी पकड़े नहीं गए हैं। उन्होने कहा कि सिर्फ हत्या ही नहीं, बल्कि धार्मिक आस्था पर भी लगातार हमला हुआ है। भाजपा शासन की नाकामी की वजह से हिंदू देवी-देवताओं का भी अपमान हुआ। हरमो-कटगो शिव मंदिर व कबीर चबूतरा खंडित कांड, मोहगांव शिव मूर्ति खंडित कांड, कामटी कांड, काली गार्डन शिव मूर्ति खंडित कांड, कवर्धा,बोड़ला में माता काली और शिव मंदिर खंडित कांड , दौजरी ठाकुर मंदिर कांड नवागांव कबीर साहेब चादर तिलक पोस्टर कांड जहां स्वयं भाजपा नेताओं के द्वारा पोस्टर फाड़ गया था इस प्रकार अनेक मामले सामने आए हैं। ऐसे और भी कई कांड भाजपा के शासन में हुए हैं। केवल 2 वर्षों में इतना अपराध और धार्मिक घटनाएं होना यह साबित करता है कि जिला पूरी तरह असुरक्षित हो चुका है और कई मामलों में आज तक अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनता अब पूछ रही है? क्या यही भाजपा का सुशासन है? क्या यही सुरक्षा की गारंटी है? हमारी मांग है कि सभी हत्या मामलों में तुरंत आरोपियों की गिरफ्तारी हो, धार्मिक तोड़फोड़ करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाए तथा जिले में कानून व्यवस्था सुधारने के लिए ठोस और स्थायी कदम उठाए जाएं। यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई, तो कांग्रेस पार्टी जनआंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# श्रीराम कथा के संयोजक सुरेन्द्र छाबड़ा को रजक समाज ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा



धर्म नगरी कुण्डा में सरदार पब्लिक स्कूल कुण्डा के तत्वाधान में सात दिवसीय संगीतमय दिव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। वहीं श्रीराम कथा के समापन दिवस पर श्रीराम कथा आयोजन के संयोजक सुरेन्द्र छाबड़ा को सफल धार्मिक आयोजन के लिए रजक समाज कुण्डा द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस साप्ताहिक श्रीराम कथा में देश-प्रदेश के प्रख्यात कथा व्यास को आमंत्रित किया गया था, जिसमें श्रीराम कथा में श्रोताओं को अपने मधुर मुखारविंद से दिव्य श्रीराम कथा का रसपान कराया। इस अवसर बलदाऊ रजक, बाबूलाल रजक, विनोद रजक, संदीप रजक, शिवराज रजक, मुकेश रजक, सुरेश रजक, वैभव रजक सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थें।

# महाशिवरात्रि पर्व को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में उत्सव का माहौल

- मंदिरों की सजावट और भजन-कीर्तन की तैयारियां जोरों पर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्रामीण क्षेत्र ग्राम कोलेगांव, कुण्डा, दामापुर, भगतपुर, धनेली, मोहतरा कला, कंझेटा, पीपरमाटी सहित आसपास के गांवों में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। गांव-गांव में मंदिरों की साफ-सफाई, सजावट और भजन-कीर्तन की तैयारियां जोरों पर हैं। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालु भगवान शिव एवं माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मनोकामना पूर्ति की कामना करते हैं। कई स्थानों पर भंडारा, जागरण और मेले का आयोजन किया जा रहा है, जहां दूर-दराज के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचकर दर्शन लाभ प्राप्त करेंगे। शिवरात्रि की पौराणिक कथा चित्रभानु शिकारी शास्त्रों में वर्णित कथा के अनुसार पूर्वकाल में चित्रभानु नामक एक शिकारी था, जो शिकार कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उस पर एक साहूकार का कर्ज था, जिसे समय पर न चुका पाने के कारण उसे शिव मठ में बंदी बना लिया गया। जिस दिन वह बंदी बना, वह महाशिवरात्रि का दिन था। बंदीगृह में रहते हुए उसने शिवरात्रि व्रत की कथा सुनी। बाद में ऋण चुकाने की बात कहकर वह शिकार की तलाश में जंगल गया। भूख-प्यास से व्याकुल होकर वह रात में एक पेड़ पर चढ़ गया, जिसके नीचे बेलपत्रों से आच्छादित शिवलिंग स्थापित था। अनजाने में पेड़ की टहनियां और बेलपत्र शिवलिंग पर गिरते रहे और इस प्रकार उससे अनजाने में ही शिवरात्रि की पूजा संपन्न होती रही। रात्रि के चारों प्रहर में अलग-अलग हिरणियां और एक हिरण उसके सामने आए। प्रत्येक ने जीवनदान की प्रार्थना की और शिकारी ने दया दिखाते हुए उन्हें जाने दिया। प्रातःकाल सभी हिरण अपने परिवार सहित लौट आए। यह देखकर शिकारी का हृदय परिवर्तन हो गया और उसने सभी को जीवनदान दे दिया। कथा के अनुसार अनजाने में किए गए उपवास, रात्रि जागरण और बेलपत्र अर्पण से शिवजी प्रसन्न हुए और चित्रभानु को मोक्ष की प्राप्ति हुई। शिवगण उसे शिवलोक ले गए। ग्रामीणों का कहना है कि महाशिवरात्रि केवल पर्व नहीं, बल्कि आस्था, संयम और भक्ति का प्रतीक है। गांवों में ओम नमः शिवाय और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा है। इस पावन अवसर पर श्रद्धालु रात्रि जागरण, उपवास और विशेष पूजा-अर्चना कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना करेंगे।

# अशोका स्कूल में विदाई व सम्मान कार्यक्रम आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अशोका पब्लिक स्कूल में आयोजित सीनियर व जूनियर छात्र छात्राओं का विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के संचालक पवन देवांगन द्वारा प्रेरणादायी उद्बोधन से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए सफलता के महत्वपूर्ण गुरुमंत्र दिए और विद्यालय संचालिका श्रीमती सारिका देवांगन ने भी बच्चों को प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने की सीख दी और कहा कि मेहनत, अनुशासन और संस्कार ही सफलता की असली कुंजी हैं। संचालिका ने हमेशा बच्चों के साथ माता के समान रहकर उनकी इच्छाओं को पूरा करने, हर परिस्थिति में सहयोग देने और सही मार्गदर्शन करने का संदेश भी दिया। वहीं प्राचार्य एसएल नापित एवं लोकनाथ देवांगन, एडमिन सागर नामदेव एवं शिक्षक मंजीत केसरवानी ने संबोधित किया। इस विदाई व ससम्मान कार्यक्रम में जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के सम्मान में एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में नृत्य, संगीत, कविता पाठ, हास्य व चुटकुले, खेल गतिविधियां और मनोरंजक प्रस्तुतियां शामिल रहीं, जिनमें बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम के दौरान सीनियर विद्यार्थी भी विशेष साज-सज्जा और आकर्षक परिधान में उपस्थित हुए, जिससे पूरा आयोजन और भी सुंदर व यादगार बन गया। साथ ही साथ मिस्टर फेयरवेल और मिस फेयरवेल बना आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें अंकित नारंग मिस्टर फेयरवेल, सुजीत गुप्ता मिस्टर को-फेयरवेल व पायल चंद्रवंशी मिस फेयरवेल व भूमिका चंद्रवंशी मिस को-फेयरवेल विशेष सम्मान देकर सम्मानित किया। उक्त समस्त जानकारी विद्यालय मिडिया प्रभारी अशोक कुमार इतवाती द्वारा दी गई।

## श्री रामकथा के समापन में शामिल हुए गणमान्य नागरिक

**हरिभूमि कुण्डा।** सरदार पब्लिक स्कूल कुण्डा के तत्वाधान में पूर्व सरपंच ग्राम कुण्डा सुरेन्द्र छाबड़ा के संयोजन में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा के अंतिम दिवस पर कई समाज प्रमुख व विधायक एवं आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिक तथा कार्यकर्ता गण शामिल होकर श्रीराम कथा का रसपान किया। जिसमें सरदार पब्लिक कुण्डा द्वारा ग्राम कुण्डा में 7 से 13 फरवरी तक संगीतमय साप्ताहिक दिव्य श्रीराम कथा का आयोजित किया गया। वहीं कथा के समापन दिवस पर चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी, राजेंद्र चांवला, सुधांशु शुक्ला, रमेश यादव, त्रिलोक सेन, देवेंद्र गुप्ता सहित जनप्रतिनिधियों ने श्रीराम कथा में सहभागिता सुनिश्चित कर कथा का रसपान किया एवं इस धार्मिक आयोजन के लिए सभी ने संयोजक सुरेन्द्र छाबड़ा का सराहना किया। इस अवसर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष बिलासपुर तनमित छाबड़ा, उपसरपंच मुमताज अहमद, अमन खनूजा, रमन खनूजा, भूपेंद्र चंद्राकर, हरचरण सिंह खनूजा, सुरजीत सिंह खनूजा, रोमी खनूजा, बाबूलाल रजक, सूरज यादव, विनोद रजक, रघुवीर सिंह चौहान, मुकेश यादव, मोनू पाण्डेय, यासीन खान, प्रभात फेरी मण्डली कुण्डा, सरदार पब्लिक स्कूल कुण्डा के समस्त स्टॉप व गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थें।



# हरीश साहू को राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




रेड ड्राप फ्रेंड्स क्लब छतीसगढ़ संस्था के द्वारा 12 फरवरी को कर्मा भवन सुपेला भिलाई मे समाजसेवी संस्था को सम्मानित किया गया, जिसमे कवर्धा जिले से जनसेवक नयी चमक रक्तदान एवं जनकल्याण समिति के संस्थापक एवं जिलाध्यक्ष हरीश साहू का नाम चयन करते हुए सम्मान समारोह मे आमंत्रित किया गया। जिले मे जनसेवा के क्षेत्र मे अपनी अलग पहचान बनाने वाले हरीश साहू लगातार रक्तदान, गौ-सेवा एवं समाजसेवा मे अपनी महत्वपूर्ण सेवा प्रदान करते हुए कुशल व्यक्तित्व और सरल सहज रूप से लोगो के सेवा कार्य मे अग्रणी कार्य से अंतराष्ट्रीय स्तर पर जगह बना लीं है। पिछले 4 माह पहले नई दिल्ली मे भी श्री साहू को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया था, हरीश साहू को राज्य से लेकर अंतराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। इसी कड़ी मे पुनः 12 फरवरी को भिलाई मे रक्तदान, गौसेवा एवं समाज सेवा के क्षेत्र मे बेहतर कार्य करने के लिए कवर्धा जिले से हरीश साहू व उसकी संस्था के महासचिव कुंजबिहारी साहू को राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया।

## आदर्श जन-कल्याण संस्थान ने मनाया मातृ-पितृ दिवस

**हरिभूमि कवर्धा।** आदर्श जन कल्याण संस्थान के तत्वाधान में राजमहल चौक स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय बुजुर्गो एवं महिलाओं का तिलक व आरती कर आर्शीवाद लिया। जिसमें संस्थान द्वारा जनमानस को संदेश दिया गया की 14 फरवरी जिसे बड़े शहरों में वैलेंटाइन डे के नाम से मनाया जाता है, वहीं यहां वरिष्ठ जनों का आदर भाव सम्मान और आपसी जनमानस में प्रेम बांटकर आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने प्रेम से मिलकर रहने का पर्व के रूप में आज के दिन को मनाने के लिए संस्थान अध्यक्ष डॉ सुनील गुप्ता ने लोगों को प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के संयोजक अंकुर गुप्ता, आकाश, दुर्गेश भारद्वाज, सुखनंदन चंद्रवंशी, चंद्रेश गुप्ता, श्रीमती सुलेखा गुप्ता, योगेश राजपूत एवं कमलकांत गुप्ता पिपरिया सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियां होने की आशंका

# क्षेत्र के ग्रामीण मूलभूत सुविधा लाभ से वंचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कुआंमालगी के ग्रामीण रहवासी आज भी मूलभूत सुविधा लाभ से वंचित नजर आ रहे है। बताया जाता है कि गांव के शिव मंदिर से राघवेंद्र साहू के घर की ओर जाने वाली लगभग 250 मीटर लंबी मार्ग चलने लायक नहीं बची है। ग्रामीणों ने बताया कि जगह-जगह गड्ढे और जलभराव के कारण मोहल्लेवासियों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानियों व दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। कीचड़ और पानी भर जाने से पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है, यहां तक कि घर से बाहर निकलना भी चुनौती बन जाता है। इसी रास्ते से छोटे-छोटे बच्चे स्कूल और आंगनबाड़ी जाते हैं, जिससे अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। लगातार पानी जमा रहने और गंदगी के कारण मच्छरों की संख्या में वृद्धि हो रही है, जिससे बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। मोहल्लेवासियों में डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का डर भी बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन-प्रशासन को ऐसी महत्वपूर्ण समस्याओं पर शीघ्र ध्यान देना चाहिए। यदि सड़क निर्माण के लिए स्वीकृत राशि जारी कर दी जाए तो मोहल्लेवासियों को बड़ी राहत मिल सकती है और आवागमन सुगम हो सकेगा। इस संबंध में राम मिलन साहू, चतुर साहू, रतन साहू, नरेश साहू, रामचंद्र यादव, रामलाल साहू, गुनवा राम साहू और कोयल साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने शीघ्र कार्यवाही की मांग की है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बाल विवाह प्रतिषेध पर कार्यशाला आयोजित

**स.लोहारा।** सहसपुर लोहारा में विकासखंड स्तरीय बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला 2 चरणों में आयोजित किया गया जिसमें बाल विवाह के बारे में जानकारी देते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के कार्य दायित्व, शिकायत दर्ज करने हेतु नंबर, पंचायत में रजिस्टर संधारण आदि के संबंध में जानकारी दी गई। बाल विवाह नहीं करने के संबंध में शॉर्ट मूवी भी दिखाई गई। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने हेतु सभी को शपथ दिलाई गई। कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शिव कुमार साहू, परियोजना अधिकारी सुश्री रीना ठाकुर, पर्यवेक्षक श्रीमती कुंती खुसरे, श्रीमती कामिनी देवांगन, जिला बाल संरक्षण इकाई के विनय जांघेल एवं श्रीमती हीरा सेन उपस्थित थे।

### श्री अखण्ड नवधा रामायण आज से प्रारंभ

**कवर्धा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर ग्राम अमरौड़ी में श्री खण्ड नवधा रामायण का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां आयोजन समिति द्वारा की जा रही है। इस संबंध में ग्राम समिति के अध्यक्ष आजू सिंह राजपूत सरपंच, कोषाध्यक्ष गुजराम कुंभकार, संचालक अधिना श्रीवास तथा व्यवस्थापक युवराज सिंह ठाकुर पंच से मिली जानकारी के अनुसार श्री अखंड नवधा रामायण का 40वां आयोजन ग्राम अमरौड़ी में 15 से 18 फरवरी 2026 तक किया जा रहा है। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर होने वाले इस कार्यक्रम में आचार्य पं. श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में चार दिवसीय रामायण का आयोजन किया जाएगा।

# महाशिवरात्रि पर धर्म नगरी कवर्धा शिवमय, महाकाल की भव्य बारात और अंचल में विशाल मेले की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

देवों के देव महादेव की आराधना का महापर्व महाशिवरात्रि इस वर्ष भी धर्म नगरी कवर्धा सहित पूरे अंचल में धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। शिव भक्तों द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजनों की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं, जिससे संपूर्ण वातावरण शिवमय होने लगा है।

धर्म नगरी कवर्धा में बाबा श्री महाकाल भक्त मंडल, कवर्धा के तत्वावधान में भगवान श्री महाकाल की भव्य बारात निकाली जाएगी। यह बारात शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिला मंडल, युवा और झांकी दल शामिल होंगे। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और आकर्षक झांकियों के साथ निकाली जाने वाली इस बारात का विशेष आकर्षण भगवान शिव और माता पार्वती के स्वरूपों का जीवंत दर्शन होगा।

इसके साथ ही शिव-गौरी विवाह का दिव्य आयोजन भी किया जाएगा, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना है। शहर के प्रमुख शिवालयों में भी विशेष पूजा-अर्चना और रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय सिद्धपीठ पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर में महाभिषेक, रुद्राभिषेक और भजन-कीर्तन का कार्यक्रम निर्धारित है।

वहीं कलेक्टर कॉलोनी स्थित पातालेश्वर मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भी दिनभर पूजन-अर्चन और रात्रि में भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन होगा। अंचल के प्रसिद्ध आस्था केन्द्र भोरमदेव मंदिर में भी महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। यहां दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। मेले को लेकर प्रशासन और मंदिर समिति द्वारा तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

इसी प्रकार पंडरिया विकासखंड के ग्राम कामठी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में तथा ग्राम डोंगरिया के स्वयं-भू जलेश्वर महादेव घाट में भी विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई, सजावट और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। महाशिवरात्रि को लेकर पूरे जिले में भक्ति, उत्साह और उल्लास का वातावरण है। शिवभक्तों का मानना है कि इस पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ की आराधना से सुख-समृद्धि और कल्याण की प्राप्ति होती है। प्रशासन भी पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहा है।

### शिव-गौरी विवाह का दिव्य आयोजन



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बाबा श्री महाकाल भक्त मंडल, कवर्धा द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भगवान श्री महाकाल की भव्य बारात निकाली जाएगी तथा शिव-गौरी विवाह का दिव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा इस अलौकिक कार्यक्रम की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। आयोजन समिति के विकास केशरी ने जानकारी देते हुए बताया कि धर्मनगरी कवर्धा की श्रद्धालु जनता, देवी-देवताओं एवं भूत-प्रेतों की आकर्षक झांकियों के साथ बाजे-गाजे और भक्ति संगीत के बीच भगवान भोलेनाथ की उपासना करते हुए बारात में शामिल होगी। इस वर्ष भी पूरे आस्था, उत्साह और भव्यता के साथ महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा।

### महाभिषेक से होगा कार्यक्रम का शुभारंभ

तय कार्यक्रम के अनुसार श्री बूढ़ामहादेव मंदिर में दोपहर 2.30 बजे भगवान शिव का महाभिषेक कर कार्यक्रम की शुरुआत होगी। पूजा-अर्चना उपरांत भगवान श्री महाकाल की भव्य बारात निकाली जाएगी। महाकाल की बारात मां महामाया मंदिर के सामने भारत माता प्रतिमा प्रांगण पहुंचेगी, जहां भगवान शिव और माता गौरी का दिव्य विवाह संपन्न कराया जाएगा। तत्पश्चात भगवान श्री महाकाल की भस्म आरती की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इस वर्ष महाकाल की बारात में हरियाणा के सिरसा से आए प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा श्री काल भैरव की भव्य एवं अद्भुत झांकी प्रस्तुत की जाएगी। आयोजन समिति के अनुसार यह झांकी देश में पहली बार प्रदर्शित होगी। श्री काल भैरव जी नगर भ्रमण करेंगे, जिनके साथ अघोरी, भूत-प्रेत एवं देवी-देवताओं की झांकियां बारात की शोभा बढ़ाएंगी।

## अपराध: ग्राम अंधियारखोर में ठाकुर देव की प्रतिमा को मंदिर से बाहर फेंका गया

# मंदिरों में लगातार तोड़फोड़ आखिर कब जागेगा प्रशासन?

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में सनातन धर्मावलंबियों की आस्था से जुड़े मंदिरों और देव स्थलों में तोड़फोड़ तथा छेड़छाड़ की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जिला मुख्यालय कवर्धा से लेकर ग्रामीण अंचलों तक लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत किया है, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ताजा मामला पाण्डातराई थाना क्षेत्र के अंधियारखोर गांव का है, जहां स्थित ठाकुर देव मंदिर की मूर्ति को अज्ञात व्यक्ति द्वारा मंदिर से निकालकर दूर फेंक दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में एकत्र हुए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है।

जिले में पूर्व में भी देवस्थलों को निशाना बनाया जा चुका है, लेकिन अब तक आरोपियों पर ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। ऐसे में असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद होना स्वाभाविक है। सूचना मिलते ही पाण्डातराई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल ने बताया कि अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। फिलहाल गांव और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस सतर्कता बरत रही है। हालांकि सवाल यह उठता है कि बार-बार हो रही इन घटनाओं के बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई ठोस और दीर्घकालिक रणनीति क्यों नहीं बनाई? धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस और शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि समय रहते प्रभावी गश्त, निगरानी और संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाती, तो शायद ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता था।

### ठोस और सख्त कार्रवाई की जरूरत



जिले में लगातार सनातनधर्मियों की आस्था से हो रहे खिलवाड़ को देखते हुए अब जरूरत है कि पुलिस प्रशासन सिर्फ औपचारिक कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करे। साथ ही शासन स्तर पर भी स्पष्ट निर्देश जारी कर जिलेभर के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में किसी भी समुदाय की आस्था के साथ खिलवाड़ न हो और जिले में शांति एवं सौहार्द कायम रह सके।

# नाबालिग का अपहृता पुलिस गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नाबालिग बालिका से संबंधित गंभीर अपराध के मामले में कबीरधाम पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी द्वारा गत 11 जनवरी 2026 को थाना सिंघनपुरी जंगल में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री उम्र 15 वर्ष 02 माह बिना बताए कहीं चली गई है। सूचना पर तत्काल गुमइंसान कायम कर प्रकरण दर्ज किया गया तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर लगातार पतासाजी की गई।

विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा अपहृता नाबालिग बालिका को आरोपी सुरजपाल पिता स्व. गजानंद पाल उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 20, रावणभाटा, मंदिर हसौद, जिला रायपुर के कब्जे से रायपुर से दस्तयाब किया गया। अपहृता बालिका के कथन महिला पुलिस अधिकारी के माध्यम से कराए गए।

आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया गया जिससे आरोपी को अपराध क्रमांक 01/2026 धारा 137(2), 87, 64(2)(एम), 65(1) बीएनएस एवं 4(2), 6 पाक्सो एक्ट के तहत 13 फरवरी 2026 को रात्रि 09.30 बजे आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। कबीरधाम पुलिस द्वारा नाबालिगों से संबंधित अपराधों के मामलों में आगे भी इसी प्रकार सख्त एवं संवेदनशील कार्रवाई जारी रखी जाएगी। आम नागरिकों से अपील है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

### व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आई.टी के बच्चों को इंटर्नशिप कराया गया



**स लोहारा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल सहसपुर लोहारा में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित आईटी पाठ्यक्रम के तहत कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने सौरभ कंप्यूटर, सहसपुर लोहारा में 10 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम में भाग लिया। इस इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों को कंप्यूटर बेसिक्स, एमएस ऑफिस, इंटरनेट उपयोग, हार्डवेयर पहचान, सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन, नेटवर्किंग, प्रिंटर सेटअप तथा ऑनलाइन कार्य प्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां पेजमेकर, हिंदी एवं इंग्लिश टाइपिंग, ऑनलाइन फॉर्म भरना जैसी महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने न केवल सैद्धांतिक ज्ञान को समझा, बल्कि उसे सीधे कंप्यूटर पर अभ्यास करके सीखा। कार्यक्रम में सौरभ कंप्यूटर के संचालक सौरभ श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने छात्रों को आत्मविश्वास के साथ तकनीक से जोड़ने का कार्य किया। विद्यालय के प्राचार्य एफआर.पूनाचा के मार्गदर्शन में व्यावसायिक प्रशिक्षक देव कुमार द्वारा सम्पन्न कराया गया। विद्यार्थियों ने इस इंटर्नशिप को उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी इस तरह के व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की इच्छा जताई।

# भाजपा के राज में सनातन धर्मियों की आस्था व देवी-देवता सुरक्षित नहीं: तुकाराम चंद्रवंशी

- हर बार पागल पकड़ो और फाइल बंद करो की राजनीति बंद हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में मंदिरों और देव स्थलों में लगातार हो रही तोड़फोड़, चोरी व छेड़छाड़ की घटनाओं को लेकर युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आस्था पर हो रहे हमलों के मामलों में प्रशासन की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है।

जारी बयान में श्री चंद्रवंशी ने कहा कि बीती रात ग्राम अंधियारखोर में ग्राम देवता ठाकुरदेव महाराज की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा मंदिर से बाहर फेंक दिया जाना कोई साधारण घटना नहीं है। यह धार्मिक भावनाओं को भड़काने और क्षेत्र की शांति भंग करने की सुनियोजित साजिश प्रतीत होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सूचना मिलने के बाद भी देर रात तक प्रशासन का मौके पर नहीं पहुंचना बेहद गंभीर है। उन्होंने कहा कि यह पहली घटना नहीं है। जिले में पूर्व में भी कई बार मंदिरों में तोड़फोड़ और धार्मिक स्थलों से छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हर बार वास्तविक आरोपियों तक पहुंचने के बजाय किसी कथित



मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को पकड़कर मामले की औपचारिकता पूरी कर दी जाती है। उन्होंने इसे पागल पकड़ो और फाइल बंद करो की राजनीति करार दिया। घटना की जानकारी मिलने पर तुकाराम चंद्रवंशी स्वयं अंधियारखोर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों के साथ पूजा-अर्चना की तथा खंडित प्रतिमा को सम्मानपूर्वक सफेद वस्त्र से ढंकवाया। साथ ही ग्रामीणों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

श्री चंद्रवंशी ने राज्य सरकार और विशेष रूप से गृहमंत्री पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उनके ही गृह जिले में बार-बार इस प्रकार की घटनाएं होना कानून-व्यवस्था की विफलता को दर्शाता है। यदि सरकार गंभीर होती तो अब तक इन घटनाओं की जड़ तक पहुंचकर असली साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया जा चुका होता। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर हर बार कथित मास्टरमाइंड कैसे बच निकलते हैं? क्या उन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है? श्री चंद्रवंशी ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो जनआक्रोश व्यापक आंदोलन का रूप ले सकता है, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### जिले में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिले की पेयजल व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त किया जाए। विशेष रूप से ग्रामीण, वनांचल क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की पेयजल समस्या नहीं होनी चाहिए। जहां कहीं शिकायत प्राप्त हो, वहां तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के अधिकारियों और ठेकेदार, एजेंसियों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने शासन की प्राथमिकता वाली योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के कार्यों की प्रगति पर गहन चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने निर्माण एजेंसियों और ठेकेदारों को निर्देश देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में तेजी से और पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर संबंधित विभाग और सरपंचों के साथ संयुक्त बैठक कर तत्काल समाधान निकाला जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जिन गांवों में जल जीवन मिशन के कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहां ग्राम पंचायतों को हैंडओवर करते हुए सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। कई गांवों में कार्य लगभग पूर्ण हो जाने के बावजूद छोटे-मोटे कार्य शेष रहने से सर्टिफिकेशन जारी नहीं हो पाया है। ऐसे मामलों में सरपंचों से समन्वय कर शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर योजना का विधिवत हस्तांतरण किया जाए। जिन ग्रामों में कोई तकनीकी बाधा नहीं है, वहां प्राथमिकता से हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी की जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जिन गांवों में कार्य प्रगति धीमी है, उसके कारणों की जानकारी रखी जाए और संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर बाधाओं को दूर किया जाए। जल स्रोतों की कमी, तकनीकी दिक्कतें अथवा अन्य समस्याओं को चिन्हित कर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## छिरहा स्कूल में कैरियर काउंसलिंग, लक्ष्य निर्धारण और समय प्रबंधन पर विशेष सत्र

# सही विषय चयन ही भविष्य की सफलता का आधार: प्राचार्य डॉ. चन्द्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के शासकीय हाई स्कूल छिरहा में विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को आकार देने के उद्देश्य से कैरियर काउंसलिंग, लक्ष्य निर्धारण और समय प्रबंधन पर एक विशेष मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को दसवीं के बाद सही स्ट्रीम चुनने की बारीकियों से अवगत कराया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में कक्षा पहली से दसवीं तक विषय निर्धारित होते हैं, लेकिन दसवीं के बाद मिलने वाला चुनाव का विकल्प ही जीवन की दिशा तय करता है। उन्होंने सचेत किया कि अक्सर छात्र बिना सोचे-समझे या केवल दोस्तों की देखा-देखी ऐसे विषयों का चयन कर लेते हैं, जो उनकी रुचि के विपरीत होते हैं। डॉ. चन्द्रवंशी ने एक प्रचलित मिथक को



तोड़ते हुए कहा, यह सोचना पूरी तरह गलत है कि अधिक अंक आने पर गणित या विज्ञान, औसत पर कॉमर्स और कम अंक आने पर कला लेना चाहिए। विषय का चयन अंकों के बजाय विद्यार्थी की क्षमता और पिछले दो-तीन वर्षों के स्कोर कार्ड के विश्लेषण के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि यदि विद्यार्थी अपनी हॉबी को ही प्रोफेशन बनाना चाहते हैं, तो उन्हें उसी से संबंधित विषयों का चुनाव करना चाहिए।

### विभिन्न क्षेत्रों में अवसरों की दी गई जानकारी

कार्यक्रम में केवल विषय चयन ही नहीं, बल्कि भविष्य में उपलब्ध विविध कैरियर विकल्पों पर भी प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि गणित, विज्ञान, कॉमर्स, कला, कृषि, गृह विज्ञान के साथ-साथ आईटीआई और पॉलिटेक्निक जैसे तकनीकी क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। व्यापम द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं के विषय मे बताया गया। इसके अतिरिक्त कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे, बैंकिंग, पुलिस, सेना और लोक सेवा आयोग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक योग्यताओं की जानकारी साझा किया गया। लक्ष्य प्राप्ति के मंत्र देते हुए प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने सफलता के स्वर्णिम सूत्र बताए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारण के साथ-साथ समय प्रबंधन, एकाग्रता, सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्मानुशासन ही वह मार्ग है, जो किसी भी विद्यार्थी को शिखर तक पहुंचा सकता है।

# मुनमुना संकुल के स्कूलों में मनाया गया मातृ-पितृ पूजन दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

वनवासी अंचल स्थित मुनमुना संकुल के अंतर्गत आने वाले आधा दर्जन से अधिक स्कूलों में आज 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस का भव्य आयोजन हुआ। संकुल समन्वयक रघुनन्दन गुप्ता की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने पाश्चात्य संस्कृति के शोर के बीच भारतीय संस्कारों की नई मिसाल पेश की। विद्यालयों के प्रांगण में बच्चों ने अपने माता-पिता का तिलक लगाकर व आरती उतारकर पूजन किया। कई बच्चों ने अपने माता-पिता के चरण पखारे, जिसे देख अभिभावकों की आँखें नम हो गईं। श्री गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का मूल उद्देश्य नई



पीढ़ी में बुजुर्गों के प्रति सेवा भाव जगाना और संस्कारों का बीजारोपण करना है। ग्रामीणों और अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन के इस सकारात्मक प्रयास की जमकर सराहना की।अभिभावकों का कहना था कि स्कूलों में ऐसे आयोजनों से न केवल बच्चों का नैतिक विकास होता है, बल्कि परिवार और समाज में रिश्तों की मिठास भी बढ़ता है। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक स्वल्पाहार के साथ आयोजन का समापन हुआ।